Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

# वेलकम इंडिया

मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 14 | मंगलवार , 14 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में चढ़ाई खिचड़ी

# कहा- भगवान सूर्य के प्रति आभार व्यक्त करने का यह पर्व



**नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रांति के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में प्रसाद के रूप में खिचड़ी चढ़ाई। इस दौरान उन्होंने पूरे प्रदेश वासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

सीएम योगी ने सभी संतों, श्रद्धालुओं और भक्तों को मकर संक्रांति की बधाई भी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह भगवान सूर्य के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व और उत्सव है। सनातन धर्म के अनुयायी देश के विभिन्न हिस्सों में इस पर्व को अलग-अलग नामों से मनाते हैं। आज महाकुंभ के पहले अमृत स्नान का दिन है। देश और दुनिया में महाकुंभ के प्रति आकर्षण देखना अविश्वसनीय है। कल लगभग 1.75 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। आज महाकुंभ का दूसरा दिन है। आज ही पहला अमृत स्नान भी होगा। सुबह सवा छह बजे से अमृत स्नान शुरू होगा और शाम तक जारी रहेगा। सभी 13 आखड़े बारी-बारी से आस्था की डुबकी लगाएंगे। महानिवार्णी पंचायती अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

### विदेशी भक्तों की भी धूम

पहले अमृत स्नान के मौके पर संगट तट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा है। देश-विदेश से श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। इटली के मिलान से आई एक महिला श्रद्धालु ने कहा कि मैं भारत आकर बहुत खुश हूं क्योंकि मुझे भारत से प्यार है। मैं कुंभ मेले में आकर खुश हूं। मैं छठी बार भारत आई हूं। मुझे बिंदी बहुत पसंद है।

### पुलिस की नौ टीमें रहेंगी तैनात

महाकुंभ मेला डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि पुलिस की 9 टीमें सभी 13 अखाड़ों को एक के बाद एक पवित्र डुबकी लगाने के लिए ले जाएंगी। यह शाम तक जारी रहेगा। पुलिस और सीएपीएफ की टीमें वहां मौजूद हैं। संगम को दो हिस्सों में बांटा जाएगा। एक हिस्से में अखाड़े पवित्र डुबकी लगाएंगे और दूसरी तरफ अन्य श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। वहीं बीच में सुरक्षा बल मौजूद रहेंगे।

## पुलिस ने रस्सी काटी, खाना-पानी बंद किया, खदान में तड़प-तड़प कर हो गई 100 मजदूरों की मौत

**जोहान्सबर्ग।**



दक्षिण अफ्रीका में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां अवैध सोने की खदान में फंसे 100 मजदूरों की मौत की खबर है। यह मजदूर कई महीनों से खदान में फंसे थे। आशंका है कि भूख और प्यास की वजह से इन मजदूरों की मौत हुई है। खदान से करीब 26 अन्य मजदूरों को जीवित बचा लिया गया है। वहीं अब तक कुल 18 शवों को बाहर निकालने में कामयाबी मिली है। यह घटना स्टिलफोंटेन शहर के निकट बफेल्सफोंटेन में स्थित सोने की खदानों में हुई है। पहले शव के पोस्टमार्टम से पता चला है कि उसकी मौत भूख की वजह से हुई है।

माइनिंग अफेक्टेड कम्युनिटीज यूनाइटेड इन एक्शन ग्रुप के प्रवक्ता सबेलो मंगुनी ने जानकारी दी कि कुछ मजदूरों को बचाया गया है। उनके साथ मोबाइल फोन में दो वीडियो को बाहर भेजा गया। इसमें प्लास्टिक में लिपटें दर्जनों शव दिखाई दे रहे हैं। मंगुनी ने कहा कि खदान में कम से कम 100 लोगों की मौत हुई है। आशंका है कि सभी मौतें भूख और प्यास के कारण हुई हैं। अब तक 18 शवों को बाहर निकाला जा चुका है। दक्षिण अफ्रीका के कुछ हिस्सों में अवैध खनन आम बात है। दरअसल, बड़ी कंपनियां कम लाभ वाली खदानों को एक समय के बाद बंद कर देती हैं। इसके बाद स्थानीय खनिकों के समूह अवैध तौर पर इन खदानों में सोने के बचे भंडार को खोजते हैं। नवंबर महीने में दक्षिण अफ्रीका की पुलिस ने इन अवैध खनिकों को निकालने के लिए एक अभियान चलाया। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने खदान को सील करने की कोशिश की। इसके बाद से यहां मजदूरों और पुलिस के बीच गतिरोध बना रहा। पुलिस का कहना है कि मजदूर गिरफ्तारी के डर से बाहर नहीं आना चाहते थे। वहीं मंगुनी का कहना है कि पुलिस ने खदान से बाहर निकलने में इस्तेमाल होने वाली रस्सियों को हटा दिया। इसके बाद सभी मजदूर अंदर ही फंस गए। पुलिस ने खदान के अंदर भोजन की सप्लाई भी रोक दी, ताकि सभी मजदूर बाहर निकल आए। मगर अब यह सामने आ रहा है कि भूख-प्यास की वजह से मजदूरों की जान गई है।

पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर सेबाटा मोकग्वाबोन का कहना है कि सोमवार को एक बार फिर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया।

### कौन हैं न्यायविद नवाफ सलाम जो बनेंगे लेबनान के नए प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** लेबनानी राजनयिक नवाफ सलाम को लेबनान के नए प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया गया है। इस्राइल-हिजबुल्लाह युद्ध के बाद उम्मीद की एक किरण माने जाने वाले न्यायविद सलाम को 128 सदस्यीय संसद में से 84 विधायकों का समर्थन मिला। लेबनान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां प्रमुख लेबनानी राजनयिक और न्यायाधीश नवाफ सलाम को लेबनान के नए प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया गया है। सलाम को सांसदों का बहुमत हासिल होने के बाद उनका प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। सलाम वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। उनका नामांकन पश्चिमी समर्थित समूहों के साथ-साथ लेबनानी संसद में निर्दलीयों की ओर से किया गया था। 84 विधायकों का मिला समर्थन जानकारी के अनुसार सलाम को 128 सदस्यीय संसद में से 84 विधायकों का समर्थन मिला, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री नजीब मिकाती को केवल 9 वोट मिले। 34 विधायकों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। हालांकि मिकाती ने रिजल्ट आने के बाद में सलाम को जीत की बधाई दी।

## मकर संक्रांति पर पहला अमृत स्नान कुछ देर में होगा शुरू

**महाकुंभ नगर।**

> 40 मिनट का समय स्नान के लिए दिया गया

तीर्थराज में महाकुंभ की भव्य शुरूआत हो चुकी है। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व के बाद अब मंगलवार को महाकुंभ का महास्नान शुरू हो चुका है। महाकुंभ 2025 का पहला अमृत स्नान मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कुछ ही देर में शुरू होने वाला है। सबसे पहले महानिवार्णी पंचायती अखाड़ा के संतों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। आज सनातन धर्म के 13 अखाड़ों के साधु क्रमबद्ध तरीके से त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान करेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाही का नाम बदलकर अमृत स्नान कर दिया है। इससे संत उत्साहित हैं। ध्वज-पताका, बैंड बाजा के साथ अखाड़े स्नान करने जाने लगे हैं। आचार्य महामंडलेश्वर व मंडलेश्वर भव्य रथ पर आसीन हैं। ढोल-बाजे के साथ संतों के रथ घाट की तरफ बढ़ने लगे हैं। महाकुंभ मेला प्रशासन की तरफ से पूर्व की मान्यताओं का पूरी तरह अनुसरण करते हुए सनातन धर्म के 13 अखाड़ों को अमृत स्नान में स्नान क्रम भी जारी किया गया है। सभी अखाड़ों को इसकी जानकारी दे दी गई है। श्रीपंचायती अखाड़ा निर्मल के सचिव महंत आचार्य देवेंद्र सिंह शास्त्री बताते हैं कि अखाड़ों के अमृत स्नान की तिथि, क्रम और समय की जानकारी आ चुकी है। मकर संक्रांति पर श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी सबसे पहले अमृत स्नान करेगा, जिसके साथ श्रीशंभू पंचायती अटल अखाड़ा भी होगा। यह अखाड़ा सुबह 5.15 बजे शिविर से प्रस्थान करेगा और 6.15 पर घाट पहुंचेगा। इसे 40 मिनट का समय स्नान के लिए दिया गया है। दूसरे स्थान पर श्रीतपोनिधि पंचायती श्रीनिरंजनी अखाड़ा एवं श्रीपंचायती अखाड़ा आनंद अमृत स्नान करेगा। इसका शिविर से प्रस्थान का समय सुबह 6.05 बजे, घाट पर आगमन का समय 7.05, स्नान का समय 40 मिनट रहेगा।



## पीएम मोदी कल देश को समर्पित करेंगे तीन युद्धपोत

**नई दिल्ली।**



इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवी मुंबई में इस्कॉन की परियोजना के अंतर्गत श्रीश्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का भी उद्घाटन करेंगे। नौ एकड़ में फैली इस परियोजना में कई देवताओं के विग्रह के साथ एक मंदिर, एक वैदिक शिक्षा केंद्र, प्रस्तावित संग्रहालय, सभागार और उपचार केंद्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र दौरे पर देश को तीन नए युद्धपोत समर्पित करेंगे। पीएमओ के मुताबिक, तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया जाना रक्षा विनिर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक नेता बनने के भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। साथ ही प्रधानमंत्री नवी मुंबई में इस्कॉन की परियोजना के अंतर्गत श्रीश्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का भी उद्घाटन करेंगे।

## वकील जैक स्मिथ की जांच रिपोर्ट जारी कर सकता है न्याय विभाग

**वाशिंगटन।**

डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद विशेष अभियोजक जैक स्मिथ ने न्याय विभाग से इस्तीफा दे दिया था।



न्याय विभाग ने अदालत में दाखिल एक जवाब में स्मिथ के जाने का खुलासा किया। ट्रंप के शपथ ग्रहण से 10 दिन पहले यह इस्तीफा उनके खिलाफ दो असफल आपराधिक मुकदमों के समापन के बाद दिया गया। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2020 के चुनाव हस्तक्षेप मामले में न्याय विभाग विशेष वकील जैक स्मिथ की जांच रिपोर्ट जारी कर सकता है। इस बारे में सोमवार को एक संघीय न्यायाधीश ने संकेत दिए। ट्रंप द्वारा बेंच में नियुक्त किए गए अमेरिकी जिला न्यायाधीश ऐलीन कैनन का फैसला विशेष वकील की रिपोर्ट पर चल रहे अदालती विवाद का नया हिस्सा है। विशेष वकील ने ट्रंप पर दो मामलों में मुकदमा चलाया था, जिन्हें न्याय विभाग ने नवंबर में बंद कर दिया था। कैनन ने पहले रिपोर्ट को जारी करने से रोक दिया था, लेकिन सोमवार को उनके नए आदेश ने ट्रंप के 2020 के चुनाव हस्तक्षेप मामले पर रिपोर्ट जारी करने का रास्ता खोल दिया है। कैनन ने शुक्रवार को सुनवाई तय की कि क्या न्याय विभाग ट्रंप के वगीर्कृत दस्तावेज मामले पर रिपोर्ट सांसदों को दे सकता है। न्याय विभाग ने कहा है कि जब तक ट्रंप के दो सह-प्रतिवादियों के खिलाफ आपराधिक मामला चल रहा है, तब तक वह उस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करेगा। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद विशेष अभियोजक जैक स्मिथ ने न्याय विभाग से इस्तीफा दे दिया था। न्याय विभाग ने अदालत में दाखिल एक जवाब में स्मिथ के जाने का खुलासा किया। ट्रंप के शपथ ग्रहण से 10 दिन पहले यह इस्तीफा उनके खिलाफ दो असफल आपराधिक मुकदमों के समापन के बाद दिया गया। इन मुकदमों को नवंबर में ट्रंप की राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद वापस ले लिया गया था। 6 जनवरी की घटना में 1,500 से अधिक लोगों पर संघीय अपराधों का आरोप लगाया गया है। इस घटना में 100 से अधिक पुलिस अधिकारी घायल हुए और सांसदों को छिपने के लिए मजबूर होना पड़ा, जब वे 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट जो बाइडन की जीत की पुष्टि करने के लिए बैठक कर रहे थे।

## गणतंत्र दिवस पर हमले की साजिश... डोडा, सांबा और कठुआ में हाई अलर्ट



**जम्मू।**

पिछले साल डोडा में पांच सैन्यकर्मी बलिदान हुए थे। जबकि चार आतंकी मारे गए। लेकिन बीच-बीच में आतंकियों की मौजूदगी देखी जा रही है। डोडा, किश्तवाड़, कठुआ और हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है, इसलिए जिले में सक्रिय आतंकवादियों की सही संख्या का एजेंसियां पता नहीं लगा पा रहीं। आगामी गणतंत्र दिवस को लेकर तीन जिलों में हाईअलर्ट जारी किया है। तीनों जिलों की हदें एकसाथ जुड़ती हैं। इन जिलों में पिछले वर्ष आतंकी हमले भी हो चुके हैं। ऐसा सूचना है कि आतंकी कठुआ, किश्तवाड़ और रामबन में आतंकी हमला कर सकते हैं। पिछले दिनों डोडा के ऊपरी इलाकों में आतंकियों के दो समूहों को देखा भी गया। हालांकि एजेंसियां ये पता नहीं लगा पा रहीं कि ये आतंकी पुराने हैं या फिर नया समूह है। पिछले साल डोडा में पांच सैन्यकर्मी बलिदान हुए थे। जबकि चार आतंकी मारे गए। लेकिन बीच-बीच में आतंकियों की मौजूदगी देखी जा रही है। डोडा, किश्तवाड़, कठुआ और हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है, इसलिए जिले में सक्रिय आतंकवादियों की सही संख्या का एजेंसियां पता नहीं लगा पा रहीं। डोडा के एसएसपी संदीप मेहता का कहना है कि पुलिस ने राष्ट्र विरोधी तत्वों, विशेष रूप से आतंकवादियों की सहायता करने वाले ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफ अपने अभियान तेज कर दिए हैं। पुलिस ने पिछले दो हफ्तों में ऐसे नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। कहा कि जिले के बाहरी इलाकों में स्थित हमारी इकाइयां अधिकतम अलर्ट पर हैं। हमारा ध्यान राष्ट्र विरोधी तत्वों पर है, ताकि आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म किया जा सके।

### बॉर्डर पर भी अलर्ट जारी

डोडा के अलावा जम्मू, सांबा और कठुआ बॉर्डर पर भी अलर्ट जारी किया गया है। इन तीनों जिलों में तैनात पुलिस को खास निर्देश दिए गए हैं। डीआईजी शिव कुमार का कहना है कि तीनों जिलों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। क्योंकि गणतंत्र दिवस को लेकर सीमा पार से घुसपैठ के प्रयास अकसर होते आए हैं।

सनीश ने कहा, मॉस्को में भारतीय दूतावास ने हमें उनकी मौत की जानकारी दी

## रूस-यूक्रेन युद्ध में केरल के व्यक्ति की मौत

**त्रिचूर।**

यूक्रेन युद्ध में रूस की तरफ से लड़ रहे एक भारतीय के मारे जाने और एक अन्य के घायल हाने की खबर है। मृतक की पहचान केरल के त्रिचूर जिले के निवासी बिनिल के रूप में हुई है। बिनिल के एक रिश्तेदार सनीश ने यह दावा किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि उनके एक अन्य रिश्तेदार जैन टीके को भी चोटें आई हैं। उनका मॉस्को में इलाज चल रहा है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बिनिल रूस के सैन्य सहायता सेवा में कार्य कर रह थे। यह खबर रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में फंसे बिनिल और उनके रिश्तेदार जैन टीके को वापस लाने के प्रयासों के बीच आई है। सनीश ने कहा, मॉस्को में भारतीय दूतावास ने हमें उनकी मौत की जानकारी दी। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों को यह जानकारी रूसी सेना से मिली है। बिनिल की पत्नी जाइसी बिनिल और जैन को घर वापस लाने की अपील अधिकारियों से करती रही हैं। बिनिल ने परिवार को बताया था कि उन्हें और जैन को युद्ध के मोर्चे पर तैनात कर दिया गया। आईटीआई मैकेनिकल डिप्लोमा धारक बिनिल और जैन इलेक्ट्रीशियन और प्लंबर के रूप में काम करने की उम्मीद में चार अप्रैल को रूस गए थे। रिश्तेदारों के अनुसार रूस पहुंचने पर उनके भारतीय पासपोर्ट जब्त कर लिए गए और उन्हें रूसी सेना में युद्ध क्षेत्र में तैनात कर दिया गया।



## संपादक की कलम से

### धधकता लॉस एंजेलिस

लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फैलने और भारी जन–धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। जंगल की आग ने भड़कने के बाद कई शहरी इलाकों को चपेट में ले लिया। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों व सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब बारह लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर–बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल–फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा–तफरी से जगह–जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़–पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है। बारिश की कमी से सूखा और तेज हवाएं आग में घी का काम करती हैं। मौसम का गरम रहना व बारिश की कमी भी आग के लिए ज्वलनशील परिस्थितियां बनाते हैं।



ललित शर्मा
संपादक



ममता शर्मा

जिंदगी

कविता

कभी जिंदगी मुझे सुनसान सी लगी
कभी जिंदगी मुझे वीरान सी लगी

ठोकरे लगी इतनी की जिंदगी मुझे
एक शमशान सी लगी

ज्यादा करीब आके जिंदगी को मैंने देखा तो
जिंदगी मुझे एक मुकाम सी लगी

कभी इसने रुलाया मुझे तो कभी इतना हसाया
की जिंदगी मुझे रंगमंच का मैदान सी लगी

मैं इतनी बार गिरी और गिरकर फिर संभली
की जिंदगी मुझे इम्तिहान सी लगी

मैंने कितना ही इसको गले लगाया पर
आज जिंदगी मुझे नमक हराम सी लगी

सिर्फ दर्द ही दर्द दिया इसने
की जिंदगी मुझे दर्द हमाम सी लगी

बोलती है छोड़ दूंगी एक दिन तेरा साथ
ये जिंदगी मुझे बदनाम सी लगी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568


किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।




# सूर्य उपासना का महापर्व
# मकर संक्रांति

**मकर संक्रांति पूजा–पाठ के साथ अपनी राशि के अनुसार दान करने का खास महत्व होता है। मकर संक्रांति पर दान करके भगवान सूर्य देव और शनिदेव की विशेष कृपा प्राप्त कर सकते हैं।**

मंगलवार, 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हर माह सूर्य राशि परिवर्तन करते हैं, जिसे संक्रांति कहते हैं और जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रांति कहा जाता है। मकर संक्रांति का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। इस दिन से सूर्य दक्षिणायन की अपनी यात्रा को छोड़कर उत्तरायण होते हैं, इस कारण से इस पर्व को उत्तरायण के नाम भी जाना जाता है। उत्तरायण को देवताओं का दिन कहा जाता है। मकर संक्रांति पर भीष्म पितामह ने सूर्य के उत्तरायण होने पर ही देह का त्याग किया था। मकर संक्रांति पर पवित्र नदियों में स्नान और दान करने का विशेष महत्व होता है। मकर संक्रांति पूजा-पाठ के साथ अपनी राशि के अनुसार दान करने का खास महत्व होता है। मकर संक्रांति पर दान करके भगवान सूर्य देव और शनिदेव की विशेष कृपा प्राप्त कर सकते हैं। आइए जानते हैं इस मकर संक्रांति पर राशिनुसार किन-किन चीजों का दान करना पुण्य लाभकारी सिद्ध होगा।



### मेष और वृश्चिक राशि

मेष और वृश्चिक राशि के स्वामी ग्रह मंगलदेव होते हैं। ऐसे में मेष और वृश्चिक राशि के जातकों को मकर संक्रांति के दिन स्नान करने के बाद पुण्यकाल में ऊनी कपड़े, तिल, गुड़, खिचड़ी और मसूर की दाल का दान करना शुभ रहेगा।

### वृषभ और तुला राशि

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वृषभ और तुला राशि के स्वामी ग्रह शुक्रदेव होते हैं। शुक्र देव सुख, वैभव और संपन्नता प्रदान करते हैं। ऐसे में जिन लोगों की कुंडली में शुक्र कमजोर है उन्हे मकर संक्रांति पर चावल, दूध–दही, सफेद या गुलाबी रंग के ऊनी कपड़े, खिचड़ी और तिल–गुड़ का दान करना विशेष फलदाई होगा।

### मिथुन और कन्या राशि

मिथुन और कन्या राशि के स्वामी ग्रह बुधदेव होते हैं और ज्योतिष में बुधदेव को वाणी और व्यापार का कारक ग्रह माना जाता है। मकर संक्रांति पर सूर्यदेव और बुधदेव की कृपा पाने के लिए तिल के लड्डू, साबुत मूंग, खिचड़ी, मूंगफली, हरे कपड़े आदि दान करना शुभ रहेगा।

### कर्क राशि

कर्क राशि के स्वामी ग्रह चंद्रदेव होते हैं। चंद्रमा मन का कारक ग्रह होता है। मकर संक्रांति पर कर्क राशि वालों को खीर, सफेद तिल के लड्डू, मिठाईयां, खिचड़ी, सफेद तिल आदि का दान करना शुभ रहेगा।

### सिंह राशि

सिंह राशि के स्वामी ग्रह सूर्यदेव होते हैं। मकर संक्रांति पर सूर्यदेव की कृपा पाने के लिए इस दिन खिचड़ी, लाल कपड़ा, रेवड़ी, गजक, गुड़ और मसूर की दाल, तांबे के बर्तन आदि दान करना फलदाई है।

### धनु और मीन राशि

धनु और मीन राशि दोनों के ही स्वामी ग्रह देवगुरु बृहस्पति होते हैं। संक्रांति पर सूर्यदेव और शनिदेव की कृपा पाने के लिए इन दोनों ही राशियों के जातकों को तिल, गुड़, खिचड़ी, मूंगफली, पपीता और पीले चन्दन का दान करना शुभ रहेगा।

### मकर और कुंभ राशि

मकर राशि और कुंभ दोनों ही राशि के स्वामी ग्रह शनिदेव होते हैं। मकर संक्रांति पर सूर्य देव अपने पुत्र शनिदेव की राशि मकर में आते हैं ऐसे में कुंडली में शनिदेव के अशुभ प्रभाव को कम करने और सूर्यदेव की कृपा पाने के लिए इन दोनों ही राशियों के स्वामियों को खिचड़ी, काला छाता, तिल या सरसों का तेल, उड़द की दाल की खिचड़ी और ऊनी वस्त्रों का दान करना मंगलकारी रहेगा।

## जीवंत रीति-रिवाजों और परंपराओं से सजा मकर संक्रांति का उत्सव

**वेलकम इंडिया**

भारत के कई राज्यों में 14 जनवरी को अलग-अलग नामों से सांस्कृतिक उत्सव मनाए जाते हैं-मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू आदि। कई हिंदू त्योहारों के विपरीत, इन त्योहारों की तारीख काफी हद तक तय होती है। मकर संक्रांति, भारत में सबसे अधिक मनाए जाने वाले त्यौहारों में से एक है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने का प्रतीक है, जो सर्दियों के अंत और लंबे दिनों की शुरूआत का प्रतीक है। यह त्यौहार आध्यात्मिक भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह का मिश्रण है, जिसे विभिन्न राज्यों में विभिन्न रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। यह फसल, समृद्धि और नई शुरूआत का जश्न मनाने का दिन है।

मकर संक्रांति भारत में व्यापक रूप से मनाया जाने वाला फसल उत्सव है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है। यह सर्दियों के संक्रांति के अंत और लंबे, गर्म दिनों की शुरूआत का प्रतीक है, जो आशा, समृद्धि और नई शुरूआत का प्रतीक है। यह त्यौहार भारत के विभिन्न राज्यों में बहुत सांस्कृतिक और धार्मिक महत्त्व रखता है। मकर संक्रांति सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के उपलक्ष्य में मनाई जाती है, जो शुभ उत्तरायण काल की शुरूआत का प्रतीक है। यह फसल के लिए आभार और आने वाले वर्ष में समृद्धि की आशा का समय है। यह दिन गेहूँ, चावल और गन्ना जैसी फसलों की कटाई के मौसम का प्रतीक है। यह सूर्य के उत्तरी गोलार्ध की ओर बढ़ने को दशार्ता है, जो गर्मी और सकारात्मकता लाता है। प्रकृति को धन्यवाद देने और प्रचुरता के लिए कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है।

मकर संक्रांति विविधता में एकता का प्रतीक है, प्रत्येक राज्य अपने अनूठे तरीके से इस त्यौहार को मनाता है। यह समुदाय, नवीनीकरण और कल्याण की भावना का प्रतिनिधित्व करता है। पवित्र स्नान, प्रार्थना और पारंपरिक मिठाइयाँ तैयार करने जैसी रस्में त्यौहार के सार को दशार्ती हैं।



हिंदू महाकाव्य महाभारत में मकर संक्रांति से जुड़े माघ मेले का उल्लेख है। हर बारह वर्ष बाद मकर संक्रांति पर कुंभ मेला आयोजित होता है, जो विश्व के सबसे बड़े सामूहिक तीर्थस्थलों में से एक है, जिसमें लाखों लोग आते हैं। संक्रांति को एक ऐसे देवता के रूप में पूजा जाता है, जिन्होंने, किंवदंतियों के अनुसार, राक्षस शंकरसुर को पराजित किया था। यह सूर्य के मकर राशि में प्रवेश को दशार्ता है, जो शीतकालीन संक्रांति के अंत और लंबे दिनों की शुरूआत को दशार्ता है। सूर्य देवता को समर्पित मकर संक्रांति पूरे भारत में मनाया जाने वाला सांस्कृतिक, धार्मिक और कृषि सम्बंधी अत्यधिक महत्त्व का त्यौहार है। भारत और पड़ोसी देशों में विभिन्न नामों से मनाया जाता है, जिनमें पोंगल, माघ बिहू, उत्तरायण आदि शामिल हैं। प्रत्येक क्षेत्र में त्यौहार से जुड़ी अपनी अनूठी रीति–रिवाज और अनुष्ठान होते हैं। **–डॉ सत्यवान सौरभ**

विभिन्न क्षेत्रों में पोंगल, माघ बिहू और लोहड़ी जैसे विभिन्न नामों से मनाया जाता है। प्रकृति, कृषि और मौसमी चक्रों के महत्त्व पर प्रकाश डालता है। पतंग उड़ाना, लोक नृत्य और दावतें जैसे अनुष्ठान समुदायों को एक साथ लाते हैं। मकर संक्रांति का उत्सव जीवंत रीति-रिवाजों और परंपराओं से चिह्नित है, जो विभिन्न राज्यों में अलग-अलग हैं, पतंग उड़ाना गुजरात और राजस्थान में विशेष रूप से लोकप्रिय, स्वतंत्रता और खुशी का प्रतीक है। तीर्थयात्री गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियों में अनुष्ठानिक स्नान करते हैं।

पारंपरिक भोजन तिल और गुड़ से बनी मिठाइयाँ बांटी जाती हैं। फसल की खुशी मनाने के लिए राज्यों में मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस समय कपड़े, भोजन और धन दान करना शुभ माना जाता है। स्नान, सूर्य देव को नैवेद्य अर्पित करना, दान, श्राद्ध कर्म और व्रत खोलना जैसी गतिविधियाँ पुण्य काल के दौरान की जाती हैं। यदि मकर संक्रांति सूर्यास्त के बाद होती है, तो ये गतिविधियाँ अगले सूर्योदय तक स्थगित कर दी जाती हैं। श्रद्धालु अक्सर अपने पापों से शुद्ध होने के लिए गंगा, यमुना, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी जैसी पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव गुजरात के सबसे जीवंत और विश्व स्तर पर प्रसिद्ध कार्यक्रमों में से एक है, जिसे हर साल जनवरी में मकर संक्रांति के दौरान मनाया जाता है। अहमदाबाद में आयोजित होने वाला यह उत्सव दुनिया भर से पतंग के शौकीनों और प्रतिभागियों को आकर्षित करता है।

विभिन्न आकार और आकारों की अनूठी पतंगों के उड़ने से आसमान एक रंगीन कैनवास में बदल जाता है। यह कार्यक्रम खुशी, एकता और गुजरात की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो इसे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों के लिए जरूर देखने लायक बनाता है। पतंग उड़ाने के साथ-साथ, इस उत्सव में सांस्कृतिक प्रदर्शन, स्थानीय व्यंजन और शिल्प प्रदर्शनियाँ भी शामिल हैं, जो गुजरात की समृद्ध परंपराओं की सच्ची झलक पेश करती हैं।

मकर संक्रांति पर ताजा कटे हुए अनाज खाने का समय होता है, जिसे सबसे पहले देवताओं को चढ़ाया जाता है और फिर खाया जाता है। आयुर्वेद में खिचड़ी खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि यह हल्का और आसानी से पचने वाला व्यंजन है। खिचड़ी खाने का मतलब है कि यह शरीर को मौसम में होने वाले बदलाव के लिए तैयार करता है, चाहे वह सर्दियों की ठंडी हवा हो या वसंत की आने वाली गर्मी। जैसे-जैसे तापमान शुष्क ठंड से आश्चर्यजनक रूप से गर्म होता जाता है, शरीर असंतुलन के प्रति संवेदनशील हो जाता है। इस प्रकार, खिचड़ी शरीर को आवश्यक पोषण प्रदान करते हुए भूख को संतुष्ट करने के लिए एक आदर्श व्यंजन है।

## मकर संक्रांति 2025 एक नई शुरूआत का पर्व व पहला शाही स्नान का दिन भी : डॉ. सोनिका जैन



डॉ. सोनिका जैन
चेयरपर्सन– ज्योतिष ज्ञानपीठ

**वेलकम इंडिया**

मकर संक्रांति भारत में मनाया जाने वाला एक प्रमुख हिंदू पर्व है, जो हर साल जनवरी महीने में मनाया जाता है। 2025 में यह पर्व 14 जनवरी को विशेष रूप से मनाया जाएगा।

मकर संक्रांति सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ जुड़ा हुआ है, जो भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण दिन के रूप में माना जाता है। इस दिन को सूर्य देवता की उपासना, तिल और गुड़ का दान, और मकर संक्रांति के साथ जुड़े अन्य रिवाजों के रूप में मनाया जाता है।

■ **मकर संक्रांति का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्वः** मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण की दिशा में प्रवेश करते हैं, जिसे भारतीय धर्मशास्त्रों में अत्यधिक शुभ माना गया है। इस दिन से दिन बड़े होते हैं और रातें छोटी होती हैं, जो प्राकृतिक दृष्टिकोण से एक नई शुरूआत का संकेत है। धार्मिक रूप से इसे एक महान पर्व माना जाता है क्योंकि इस दिन सूर्य देव की पूजा करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और पुण्य प्राप्त होता है। भारत के विभिन्न हिस्सों में मकर संक्रांति को अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है, जबकि दक्षिण भारत में इसे पोंगल के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में श्लोहड़ीश का भी आयोजन होता है, जो मकर संक्रांति से जुड़ा हुआ एक अन्य उत्सव है।

### क्या है शुभ मुहूर्त

हिंदू धर्म में हर त्योहार उदया तिथि के अनुसार ही मनाया जाता है. इस वजह से इस बार मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। सूर्य इस दिन सुबह 8 बजकर 41 मिनट के करीब मकर राशि में प्रवेश करेगा। वहीं, इसका पुण्यकाल सुबह 9 बजकर 03 मिनट से लेकर शाम 5 बजकर 46 मिनट तक जारी रहेगा।
S मकर संक्रांति महा पुण्य काल– सुबह 9.03 बजे से 10.50 मिनट तक
S कुल अवधि–1 घंटा 47 मिनट
S मकर संक्रांति का क्षण–9.03 मिनट

महाकुंभ का पहला शाही स्नान

14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के दिन पहला शाही स्नान भी होगा। इस दिन सबसे पहले नागा साधु संगम में स्नान करते हैं उसके बाद आम लोग स्नान करते हैं। शाही स्नान को बेहद खास माना जाता है, क्योंकि इस दिन संगम में डुबकी लगाने से कई गुना ज्यादा पुण्य मिलता है। ऐसा भी कहा जाता है इस दिन स्नान करने से न सिर्फ इस जन्म के बल्कि पिछले जन्म के पाप भी खत्म हो जाते हैं। इसके साथ ही पितरों की आत्मा को भी शांति मिलती है।

### शाही स्नान की तिथियां

- **पहला शाही स्नान**: 14 जनवरी 2025 मकर संक्रांति
- **दूसरा शाही स्नान** : 29 जनवरी 2025 मौनी अमावस्या
- **तीसरा शाही स्नान** : 3 फरवरी 2025 बसंत पंचमी

### मकर संक्रांति की परंपराएँ और रिवाज

मकर संक्रांति का दिन भारतीय समाज में खास महत्व रखता है। इस दिन से जुड़े प्रमुख रिवाजों और परंपराओं में शामिल हैंरू

1.तिल गुड़ का आदान-प्रदान मकर संक्रांति के दिन तिल और गुड़ का सेवन किया जाता है, जो शीतलता और गर्मी के बीच संतुलन बनाए रखते हैं। लोग एक-दूसरे को तिल और गुड़ के लड्डू देते हैं और कहते हैं, तिल गुड़ खाओ, मीठा-मीठा बोलो। यह परंपरा जीवन में मिठास और सौहार्द को बढ़ावा देती है।

2.दान-पुण्य मकर संक्रांति के दिन दान देने की विशेष परंपरा है। लोग तिल, गुड़, वस्त्र, और अन्य सामग्रियाँ जरूरतमंदों को दान करते हैं। माना जाता है कि इस दिन किए गए दान से पुण्य की प्राप्ति होती है।

3.पर्वतीय क्षेत्रों में पतंगबाजीरू मकर संक्रांति के दिन विशेष रूप से गुजरात, राजस्थान और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में पतंगबाजी का आनंद लिया जाता है। यह एक खास खेल है जो न केवल मनोरंजन प्रदान करता है, बल्कि एकता और भाईचारे का संदेश भी देता है।

4.खिचड़ी का महत्व मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी बनाने की परंपरा है। यह एक हल्का और पवित्र भोजन माना जाता है, जो पूरे परिवार के साथ खाया जाता है। उत्तर भारत में इस दिन को शिखचड़ी पर्वश के रूप में भी मनाया जाता है।

कई जगहों पर इस दिन विशेष मेला और उत्सव आयोजित किए जाते हैं, जहां लोग अपनी खुशियाँ साझा करते हैं, खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। यह अवसर एकता, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने का होता है। यह एक ऐसा पर्व है, जो भारतीय समाज की सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक आस्थाओं का प्रतीक है। यह पर्व न केवल सूर्य देवता की पूजा का दिन है, बल्कि यह जीवन में नए ऊर्जा और आशा की शुरूआत का भी प्रतीक है।

मकर संक्रांति 2025 के अवसर पर हम सभी को इस पर्व को श्रद्धा, उल्लास और खुशी के साथ मनाने का अवसर मिलेगा, और यह सुनिश्चित करेगा कि हम अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को कायम रखें।

# प्रिंसपल ने दसवीं की छात्राओं की उतरवाई शर्ट, सिर्फ ब्लेजर में भेजा घर

वेलकम इंडिया



**धनबाद।** धनबाद के एक नामी गिरामी निजी स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्राओं के साथ प्राचार्य ने अशोभनीय व्यवहार किया है। गुरुवार को दसवीं की छात्राएं पेन डे मना रही थीं। इसी दिन इनकी परीक्षा का आखिरी दिन था। पेन डे के दौरान छात्राएं एक दूसरे के शर्ट पर शुभकामनाएं लिखती हैं। छात्राओं ने एक दूसरे के शर्ट पर शुभकामनाएं लिखी। लेकिन यह बात स्कूल के प्राचार्य को रास नहीं आई। करीब सौ छात्राएं इसमें शामिल थीं। सभी छात्राओं को पहले डांटा गया। उसके बाद उनकी शर्ट उतरवा दी। यही नहीं शर्ट उतारने के बाद उसे पहनने नहीं दिया गया। छात्राओं को सिर्फ ब्लेजर पहनने दिया गया। ब्लेजर पहनकर ही छात्राएं अपने-अपने घर गईं। घर पहुंचकर छात्राओं ने पूरी बात अपने अपने माता-पिता को बताई। इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है।

डीसी से की गई शिकायत

घटना की जानकारी मिलने के बाद छात्राओं के माता-पिता आक्रोशित हो गए। माता-पिता शनिवार को डीसी कार्यालय पहुंचे। डीसी से स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं, स्थानीय विधायक रागिनी सिंह भी अभिभावकों के साथ डीसी कार्यालय पहुंची। डीसी माधवी मिश्रा से अभिभावक और विधायक रागिनी सिंह की बातचीत हुई। अभिभावकों ने बताया कि डीसी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं स्थानीय विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि यह घटना पूरी तरह से दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। इस पूरे मामले पर झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने अफसोस जाहिर किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम गठित कर जांच का आदेश दिया गया है।

डीसी ने दिया कार्रवाई का भरोसा

मामला सामने आने के बाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि स्कूल के प्रिंसिपल के फरमान के बाद स्कूली बच्चों का शर्ट उतारकर ब्लेजर में घर जाना पड़ा। इस मामले को गंभीरता से लिया गया है। एक जांच कमेटी बनाई गई है, जांच कमेटी के द्वारा जांच पूरी कर रिपोर्ट देने के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अभिभावकों का कहना है कि यह एक तालिबानी फरमान है। यह कैसा अनुशासन है कि लड़कियों का शर्ट उतरवा दिया गया। यह घटना हमें शर्मसार करती है

## बिजली विभाग ने 80 घरों के कनेक्शन काटे, एक मुश्त समाधान योजना में लाखों रुपए वसूले

**शोहरतगढ़।** बिजली विभाग एकमुश्त समाधान योजना के तहत बड़ी कार्रवाई की गई। एकमुश्त समाधान योजना के तहत सोमवार को विद्युत विभाग की ओर से बढ़नी ब्लाक के बसहिया गांव में अधीक्षण अभियंता ( एसी ) अजय कुमार व अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में कैंप लगाया गया। अभियान में बकायेदारों से लाखों रुपये बकाया वसूल किया गया। 80 बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया, हालाकि जिन बकायेदारों ने बिल जमा कर दिया, उसका कनेक्शन जोड़ दिया गया। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि एक मुश्त समाधान योजना बिल बकायेदारों के लिए एक अवसर है। सभी लोग बिल जमा कर दें, जिससे आप लोगों को बिजली उपयोग करने में कोई परेशानी न होने पाए। अवर अभियंता ने कहा कि किसी का भी बिल अधिक आ रहा है तो वह मीटर का दो मिनट का वीडियो बना कर लाएं। गड़बड़ी होने पर बिल में संशोधन किया जाएगा। विभाग के कर्मचारी महेश, कमाल, मनोहर व आपरेटर आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या में रामलला के मंदिर की पहली वर्षगांठ पर भोपाल कीर्तन समिति ने निकाली शोभायात्रा



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** अयोध्या नगरी आज शिव भक्ति और रामलला के जयकारों से गूंज उठी है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के आमंत्रण पर मध्यप्रदेश के भोपाल से आई श्री बाबा बटेश्वर कीर्तन समिति ने भव्य शोभा यात्रा निकाली।

₹भोपाल से आए 108 सदस्यों ने भगवान शिव के डमरू, मजीरा और ढोल-नगाड़ों की मधुर ध्वनि के साथ अयोध्या नगरी में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली। यह यात्रा श्री रामलला के मंदिर की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गई।₹

₹इस शोभा यात्रा में भगवान शिव की आराधना और रामलला के प्रति श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कीर्तन मंडली के साथ सैकड़ों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए। इस अनोखे आयोजन ने अयोध्या की गलियों को भक्तिमय बना दिया। पूरे नगर में राम नाम की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने इसे भगवान शिव और रामलला के प्रति अपनी आस्था का अनूठा प्रदर्शन बताया। ऐसे आयोजन से न केवल अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत सजीव होती है, बल्कि रामलला की भक्ति और भगवान शिव की आराधना का संदेश दूर-दूर तक जाता है।

तो ये थी अयोध्या नगरी से एक अनोखी भक्ति यात्रा की झलक।

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई : अशोक पाण्डेय



वेलकम इंडिया

**मिल्कीपुर।** भारतीय किसान मंच के कार्यकताओं द्वारा खानपुर पूरे सुखलाल पाण्डेय के मां दुर्गा मंदिर के पास विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।

जिसमें उपस्थित प्रसिद्ध समाजसेवी, गौसेवक एवं भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव श्री अशोक पाण्डेय 'आदर्श' जी ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी सरलता, सादगी, शुचिता और सदाचार के प्रतीक थे। उन्होंने जय जवान-जय किसान के उद्घोष से अपने देश सेवा और आत्मनिर्भरता की लौ प्रज्ज्वलित की। जिससे प्रत्येक देशवासी को कर्तव्य और समर्पण की प्रेरणा मिलती रहेगी।

कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय किसान मंच के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव श्री अशोक पाण्डेय 'आदर्श' और उनके पिता पूज्य श्री चन्द्रभल पांडेय, पवन पांडेय, शिव पांडेय , जगदंबा पांडेय, मंजीत पांडेय, राहुल तिवारी, रोहित तिवारी , रोहन तिवारी , पंकज चौरसिया , बैजनाथ कनौजिया, सन्तराम मौर्य, भूपेश तिवारी, अश्वनी पांडेय, शुभम पांडेय, अर्पित पांडेय , आलोक पांडेय , राहुल पांडेय , अंकित पांडेय, विवेक पांडेय, सुमित पांडेय , अमित पांडेय , शिवा पांडेय, आयुष पांडेय, संदीप पांडेय आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे तथा कई नए कार्यकर्ता भी पूर्व प्रधानमंत्री, श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी से प्रेरित भारतीय किसान मंच की सदस्यता की शपथ ली। सभी ने शास्त्री जी के आदर्शों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पुलिस ने अवैध गाँजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिहं के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में उ0नि0 अशोक कुमार दुबे, उ0नि0 जयप्रकाश कुशवाहा, उ0नि0 रामदरश यादव, हे0का0 बदरे आलम, हे0का0 आनन्द दूबे, का0 मेराज अली, का0 रजनीश यादव ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्त मनीराम चौहान पुत्र केदारनाथ निवासी बानपुर थाना लालगंज जनपद बस्ती को सोमवार को रामपुर बाराकोनी दुर्गामंदिर के पास से कुल 01 किलो 500 ग्राम अवैध गाँजा के साथ सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निर्देशों का अक्षरः पालन करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# ग्राम सभा सेवरा में खेल मंत्री ने किया जनता से सीधा संवाद स्थापित कर सुनी जनता की समस्याएं

वेलकम इंडिया



**मिल्कीपुर।** मिल्कीपुर विधान सभा के सेवरा ग्राम सभा में पहुंचकर जनता से सीधा संवाद कर सम्बोधित करते हुए खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा की भारत में हर गाँव हर परिवार को केंद्र की मोदी सरकार उत्तर प्रदेश की योगी सरकार कोई न कोई लाभ कारी योजना हर ब्यक्ति को दे रही है इसके पहले किसी सरकार ने नहीं दिया इसमें जाति धर्म की कोई बात नहीं है सरकार की यह मंशा रही की सरकार की लाभ कारी योजना हर जाति धर्म के लोगों तक पहुँचे।केंद्र में मोदी सरकार ने 80%गरीबो को अगले 5वर्षो तक फ्री राशन देने की गारंटी दी है।कश्मीर का जिक्र करते हुए धारा 370 हटाने व तीन तलाक का भी जिक्र किया।.सरकार अयोध्या में विकास को लेकर तमाम योजनाओ से अयोध्या को चमकाने का कार्य किया।

राम मंदिर से लेकर रेलवे स्टेशन,एयर पोर्ट,मेडिकल कालेज,फोरलेन सडके,आदि तमाम योजनाए देती चली आ रही है।मिल्कीपुर के उप चुनाव को लेकर सभी जनता से अपील करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी को जिताने का आवहन किया।

इस तरह ग्राम पचायत भदोखरा,ग्राम सभा,अगरबा,ग्राम सभा में जनता से सीधा संवाद कर मिल्कीपुर उप चुनाव में सहयोग करने का आवहन किया।

वहीं काग्रेस,सपा,व बसपा पर हमला करते हुए कहा की इनकी सरकारे जब जब रही तब तब केवल जनता के लिए कुछ नहीं किया केवल गरीब जनता को गुमराह ही किया। आप लोग ऐसे लोगों से इस मिल्कीपुर उपचुनाव में शतर्क रहे किसी के बहकावे में न आये।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कुचेरा अर्जुन सिंह, सेवरा ग्राम प्रधान रविंद्र यादव,पलिया मुतालके कुचेरा के प्रधान प्रतिनिधि विजय सिंह,भदोखरा प्रधान प्रतिनिधि लालू यादव,संतोष तिवारी,साहब दीन शर्मा आदि सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# पत्नी से झगड़ा होने पर युवक ने आग लगाकर की आत्मदाह

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सोशल मीडिया पर एक दिल दहला देने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक युवक के जिस्म से आग की लपटे निकल रही हैं। इस पूरे नजारे का लोगों ने वीडियो बना लिया। वहीं पास में खड़े कुछ लोग कंबल डालकर आग बुझाने का प्रयास करते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि आग का गोला बने युवक की आग बुझाने के बाद मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने वायरल वीडियो पर बताया है कि वायरल वीडियो में जो शख्स आग का गोला बनते हुए दिख रहा है, उसकी शिनाख्त 40 साल के सलीम के रूप में हुई है। सलीम मूल रूप से बारादरी थाना क्षेत्र के सकलैन नगर का रहने वाला है और इन दिनों कैंट थाना क्षेत्र के खजुरिया में रह रहा है। शराब के आदी सलीम ने रविवार देर रात अचानक मिट्टी का तेल डालकर खुद को आग लगा ली। उसका पूरा जिस्म आग की लपटों से झुलस गया और वह घर के बाहर भागा। उसके चीखने की आवाज सुनकर इलाके के लोग भी जमा हो गए। सलीम को आग का गोला बना देख आसपास के लोग भी आ गए जिसके बाद उन्होंने कंबल डालकर आग बुझाई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी।

## माता शाकुंभरी जयंती श्रद्धा उल्लास एवं भक्ति भावना के साथ मनाई

**कांधला।** माता शाकुंभरी जंयती श्रद्धा, उल्लास एवं भक्ति भावना के साथ मनाई गया। मंदिर परिसर में हवन में आहुति प्रदान कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे मंदिर को शाक सब्जियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। भारी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने माता रानी की पूजा अर्चना की।और मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। समोवार को नगर के सिद्ध प्रसिद्ध सूरजकुंड महादेव एवं शनि धाम मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह मां शाकुंभरी जयंती को धूमधाम से मनायी गई।इस अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

# बड़ौत में भारतीय जैन मिलन क्षेत्र संख्या 5 की तृतीय क्षेत्रीय कार्यकारिणी सभा का हुआ भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**बागपत।** बड़ौत नगर के श्री अजितनाथ सभागार में भारतीय जैन मिलन क्षेत्र संख्या 5 की तृतीय क्षेत्रीय कार्यकारिणी सभा का जैन मिलन महिला चेतना बड़ौत के आतिथ्य में भव्य आयोजन हुआ। सभा के मुख्य अतिथि वीर आशीष जैन निशु ट्रेडिंग कंपनी, उदघाटनकर्ता विशिष्ट संरक्षक वीर सुरेश जैन ऋतुराज, स्वागत अध्यक्ष वीर अतुल जैन एडवोकेट, दीप प्रज्जवलनकर्ता वीर सुनील कुमार जैन जनरेटर वाले एवं चित्र अनावरण कर्ता वीरांगना आरती जैन एवं वीरांगना चंद प्रभा जैन रही।

सभा का संचालन वीरांगना सुमन जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर प्रदीप कुमार जैन एवं क्षेत्रीय मंत्री वीरांगना राखी जैन जी ने संयुक्त रूप से किया। राष्ट्रीय विशिष्ट संरक्षक एवं अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वीर सुरेश जैन ऋतुराज ने अपने संबोधन में जैन धर्म की रक्षा करने के लिए समर्पण की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि इस कार्य को भारतीय जैन मिलन ही कर पाएगा, जिसके लिए हमें अपने जैन धर्म के तीर्थ स्थलों की रक्षा करने के लिए ठोस कदम उठाना पड़ेगा। मिलन के बच्चों कशिश, काशवी, अनन्या, नव्या व नान्या ने मिलन गीत पर सुंदर प्रस्तुति दी।

बडौत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर मनोज जैन, प्रभाष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर नवीन जैन बब्बल, राष्ट्रीय संरक्षक वीर नरेंद्र जैन राजकमल, राजेश जैन भारती, पूनम जैन मेरठ, वीर संजीव जैन एवम सुधीर जैन का विशेष सहयोग रहा। जैन मिलन महिला चेतना बड़ौत ने सभी अतिथियों को तिलक लगाकर, पटका पहनाकर और सुंदर उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

# पुलिस ने 94 गुम हुए मोबाइल किए बरामद, चोर पकड़ने में रही नाकाम



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** पुलिस ने एक बड़ा अभियान चलाते हुए दिसंबर 2024 में 94 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइल की कीमत करीब 16 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने यह सफलता उएकफ पोर्टल और सर्विलांस तकनीक की मदद से हासिल की है। सभी बरामद मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, बरेली ने रिजर्व पुलिस लाइन में उनके असली मालिकों को सौंपा। हालांकि, इस उपलब्धि के बावजूद बरेली पुलिस पर एक महत्वपूर्ण सवाल खड़ा हो रहा है, क्या चोरों तक पुलिस ने पहुंचने के लिए प्रयास किए ? रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने गुम हुए मोबाइल तो ढूंढ तो लिया है, लेकिन पुलिस ने अब तक किसी भी चोर को गिरफ्तार नहीं किया है। इस घटना ने पुलिस की तकनीकी दक्षता को साबित तो जरूर किया है, लेकिन चोरी रोकने और चोरों को पकड़ने में यह अभियान अधूरा ही नजर आता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि पुलिस को न केवल मोबाइल बरामदगी पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि चोरी के पीछे के अपराधियों को भी पकड़ने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

# डीएम की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस आयोजन की बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आगामी 26 जनवरी 2025 को जनपद में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत एवं हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के संबंध में तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रमों/आयोजनों के संयोजन एवं समीक्षा हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये है। गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में प्रभात फेरी, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-कूद, वृक्षारोपण सहित अन्य विविध कार्यक्रम शामिल किये गये है।

अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूप रेखा पर जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ चर्चा करते हुए गणतत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से सम्बंधित जिम्मेदारी एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों मे जो दायित्व सौपे जा रहें हैं, वे अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह कर कार्यक्रमों को सफल बनाना सुनिश्चित करेगें।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 08.15 बजे प्रभात फेरी, 08.30 बजे सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण, 09.15 बजे वृक्षारोपण, 09.30 से 11.30 बजे तक पुलिस परेड, 10 बजे जनपद मुख्यालय पर महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण एवं समस्त शिक्षण संस्थाओं, पंचायत भवनों तथा सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण 1.00 बजे जिला चिकित्सालय में मरीजों में फल वितरण सहित विविध कार्यक्रम के आयोजन की रूप रेखा तय करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कार्यक्रमों को गौरवशाली बनाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों एवं स्वंय सेवी संगठनों से अपील की है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी जीशान रिजवी, एसडीएम धनघटा अरुण वर्मा, एसडीएम मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी केलेक्ट्रेट डा0 सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी संजीव राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सदर जनार्दन, उप कृषि निदेशक डा0 राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग राज कुमार शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिशचन्द्र नाथ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी सतीशचन्द्र, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवीश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, प्रशासनिक अधिकारी ब्रदी प्रसाद, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा सतीश कुमार, वरिष्ठ समाज सेवी सुभाष शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नुरूज्जमा अंसारी, संत हरि कृष्णदास शास्त्रि, अरविन्द दास शास्त्रि, सभासद अवधेश सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रेम के वशीभूत हो ब्रज गोपीकाओं का माखन चुराते थे भगवान श्रीकृष्ण : गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** रमणरेती क्षेत्र स्थित फोगला आश्रम में गौसेवा परिवार, सीतारामप्यारी सोभासरिया चैरिटेबल ट्रस्ट (कलकत्ता) के तत्वावधान में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ चल रहा है।जिसके पांचवें दिन व्यासपीठ पर आसीन श्रीहरिदासी वैष्णव संप्रदायाचार्य विश्वविख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण जी महाराज ने अपनी सरस वाणी के द्वारा सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं को पूतना उद्धार, शक्टासुर वध, शिव का भगवान के बाल स्वरूप दर्शन हेतु ब्रज में आगमन, नाम करण,

नाम करण, माखन चोरी, अघासुर वध, बकासुर वध, कालिया मर्दन, ब्रह्मा मोह, इंद्र मान मर्दन और गिरिराज गोवर्धन लीला आदि प्रसंगों की कथा श्रवण कराई।

व्यासपीठाधीन श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने माखन चोरी की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि समस्त देवी-देवता जिनकी अगवानी करते हैं।तीनों लोक और चौदह भुवन जिनके आधीन हैं।जिनकी इच्छा से ही समूचे विश्व में प्रलय और सृष्टि की रचना होती है, उन अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक भगवान श्रीकृष्ण को माखन चुराने की क्या आवश्यकता आन पड़ी।जिनके घर में नौ लाख गायों की भरमार हो,वो दूसरे घरों का माखन क्यों चुराएंगे। वस्तुतः भगवान श्रीकृष्ण तो प्रेम की आधीन हैं। प्रेम के वशीभूत होकर ही वे ब्रज गोपीकाओं के घर का माखन चुराकर खाते थे।

पूज्य महाराजश्री ने गिरिराज पूजन की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव भगवान श्रीकृष्ण की एक अलौकिक लीला है।जिसमें एक ओर तो वे गिरिराज गोवर्धन के रूप में स्वयं पूज्य बने और दूसरी ओर उन्होंने नंदनंदन के रूप में ब्रजवासियों के साथ गाते-बजाते हुए गिरिराज गोवर्धन की पूजा-अर्चना की।

# पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर आस्था के पहले स्नान का साक्षी बना मण्डल

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** महाकुंभ के आलौकिक आयोजन के अंतर्गत पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की आस्था के पहले स्नान का साक्षी बना। इस विराट मेला में अपनी सहभागिता और प्रतिबद्धता दशार्ते हुए मण्डल के प्रयाग जं. ,फाफामऊ जं. एवं प्रयागराज संगम स्टेशन श्रद्धा और सेवा भाव से अपने रेल एवं तीर्थयात्रियों के स्वागत सत्कार में समर्पित हैं। इस सुअवसर पर उत्तर रेलवे के मुख्यालय बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली से आए महाप्रबंधक, अशोक कुमार वर्मा स्वयं प्रयाग में उपस्थित रहकर लगातार इन स्टेशनों पर सभी प्रबंधनों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। महाप्रबंधक के दूरदर्शी एवं कुशल दिशा-निर्देशन में मण्डल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा ने इस सारी व्यवस्था की कमान संभाल रखी है क मण्डल के सभी विभागों के साझा सहयोग से राज्य सरकार के साथ तालमेल बनाते हुए सारी प्रबंध व्यवस्था को अमल में लाया जा रहा है क

सोमवार को महाप्रबंधक ने मण्डल रेल प्रबंधक के साथ प्रयाग जं. स्टेशन के एकीकृत कमांड सेंटर पर पहुंचकर वहाँ की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की क उन्होंने टिकट चेकिंग कर्मियों तथा रेल सुरक्षा बल के कर्मियों की स्टेशनों पर यात्री प्रबंधन की रूपरेखा की जानकारी प्राप्त की तथा अपने सुझाव एवं निर्देश पारित किये। उन्होंने सभी विभागों को उचित तालमेल बनाते हुए कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने इन स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, खोया पाया काउंटर, यात्री सहायता बूथ, रेल आहार के स्थान एवं स्टॉल, अमानती सामान घर, प्लेटफार्म पर यात्रियों के उठने बैठने के स्थान, शौचालय, स्वच्छता, मोबाइल अळश्ट, आकस्मिक एवं आपातकालीन व्यवस्थाएं, स्टेशनों में प्रवेश एवं निकास की सुगमता, स्टेशन एवं परिसर की प्रकाश व्यवस्था, संकेतकों एवं साइनेज सहित सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। उन्होंने मुख्य मार्ग से स्टेशनों को जोड़ने वाले मार्गों को यात्री यातायात हेतु सुचारु रूप से बनाए रखने की बात को प्रमुखता से कहा। महाप्रबंधक ने रेलयात्रियों के साथ सीधा संपर्क रखने वाले रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों सहित अन्य कर्मचारियों को रेलवे का अग्रदूत की संज्ञा देते हुए सभी को ड्यूटी के दौरान रेलयात्रियों और श्रद्धालुओं के साथ विनम्र आचरण अपनाने एवं मित्रवत व्यवहार करते हुए कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप मुकदमा दर्ज

**कांधला।** शामली निवासी युवती ने एक शादीशुदा युवक पर देह शोषण का आरोप लगाया। युवक पिछले काफी समय से शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण करता रहा। पुलिस ने युवती की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शामली निवासी एक युवती ने थाने पर पहुंचकर तहरीर दी। युवती ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पूर्व उसकी मुलाकात थाना क्षेत्र के एक गांव नाला निवासी युवक मुकुल से हुई थी। इसके बाद दोनों की बात होने लगी। दोस्ती प्यार में बदल गई आरोपी युवक ने युवती से खुद को अविवाहिता होने की बात कहते हुए उससे शादी की बात कही। आरोप है कि इस दौरान युवक उसका यौन शोषण करता रहा। युवती का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व उसे जानकारी हुई कि आरोपी पहले से शादीशुदा है। वहीं आरोपी युवक ने शादी करने से मना कर दिया, तथा उसके विरोध करने पर आरोपी ने युवती को जान से मारने की धमकी दी।

# 25 जनवरी 2025 को होने वाले मतदाता दिवस के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 को जनपद में होने वाले कार्यक्रमों की रणनीति बनाने की बैठक अपर जिला अधिकारी वित्त न्यायिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु ने कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का बेहतर प्रचार प्रसार किया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर जनसामान्य की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करे। इसके लिए स्कूली बच्चों की रैली निकालने का रेहर्सल स्कूल पहले से ही कर ले।

इसके अलावा कालेज तथा स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, स्लोगन तथा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाए साथ ही इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त होने वाले छात्र-छात्राओं में पुरस्कार वितरण किया जाए।

प्रशासन के द्वारा बीएलओ के द्वारा बूथ स्तर पर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रभावी ढंग से किया जाए। साथ ही प्रथम वोटर तथा वरिष्ठ मतदाता को टारगेट करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए जिससे उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनसीसी स्काउट गाइड के वॉलिंटियर्स का सहयोग लेने को कहा। उन्होंने कहा कि इस मतदाता दिवस की थीम *वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम* है। मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं के द्वारा मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाना है शपथ कार्यक्रम को बूथ स्तर पर बीएलओ द्वारा तथा अन्य कार्यक्रमों में नोडल अधिकारी द्वारा आयोजन किया जाना है। बैठक के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार, स्कूलों के प्रधानाचार्य तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर महाविद्यालय में युवा सप्ताह का शुभारंभ



**कांधला।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा सप्ताह का शुभारंभ सद्भावना कल्चरल क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेंजर्स विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमारी द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलित करने के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रही सद्भावना कल्चरल क्लब की प्रभारी डॉ दीप्ति चौधरी ने युवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के विषय में छात्राओं को अवगत कराया। इसके उपरांत छात्राओं को विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालकर बताया की विवेकानंद जी कहते थे कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक हमें रुकना नहीं है, उसी प्रकार छात्राओं को भी प्रत्येक दिन का लक्ष्य बनाते हुए स्वाध्याय करना चाहिए। नारी शिक्षा, भारत भूमि की सेवा, योग व व्यायाम द्वारा शरीर की सबलता के विषय में जागरूकता, सभी प्रकार के भेदभावों से मुक्ति आदि के संबंध में जानकारी दी। प्राचार्या ने अपना वक्तव्य विवेकानंद के आदर्श वाक्य ₹उठो और जागो और तब तक रुको नहीं, जब तक कि तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते₹ के साथ समाप्त किया। कार्यक्रम में छात्राओं के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर श्याम बाबू एवं रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अंकिता त्यागी भी उपस्थित रहे।

## रोडवेज बसों की सौगात विधायक मकर संक्रांति पर आज बसों को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आकांक्षी जनपद में जनोपयोगी सुविधाओं का अभाव लगा रहता है। नेपाल सीमा से सटे शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ऐसे सुविधाओं को निरन्तर बढ़ाने के लिए शोहरतगढ़ के लोकप्रिय विधायक विनय वर्मा पूरा प्रयास और संघर्ष करते रहते हैं। प्रयागराज और गोरखपुर तक सीधे बस सेवा उपलब्ध कराने का उनका भागीरथी प्रयास अब सफलता के आखिरी बिन्दु तक पहुंच गई है। इस विषय में विधायक विनय वर्मा ने अपने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि मेरे अथक प्रयासों के उपरान्त परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के आदेशानुसार नव वर्ष 2025 के शुभ अवसर पर क्षेत्र की जनता की मांग पर एवं जनहित में बढ़नी से प्रयागराज एवं बढ़नी से गोरखपुर की बस सेवा की शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में दिनांक 14 जनवरी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बढ़नी रेलवे माल गोदाम से सुबह 11 बजे बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करूंगा।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य

## मीनाक्षी भराला ने जिला संयुक्त अस्पताल एवं आंगनवाड़ी केंद्रो का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद में राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला राज्य महिला आयोग उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा जनपद हापुड़ में जिला संयुक्त अस्पताल एवं आंगनवाड़ी केन्द्र पिलखुवा, हापुड़ का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने जिला अस्पताल में साफझसफाई तथा मरीजो को बेहतर इलाज दिए जाने के निर्देश दिए इसके साथ ही अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में मा0 सदस्य द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता हेतु संबंधित को निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डॉ0 सुनील त्यागी मुख्य चिकित्साधिकारी, इला प्रकाश (डिप्टी कलेक्टर) जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, ललिता शर्मा सी0डी0पी0ओ0, सुपरवाईजर आंगनवाड़ी, सतेन्द्र कुमार डिस्ट्रीक्ट क्वार्डिनेटर, प्रतीक कनिष्ठ सहायक, जिला संयुक्त अस्पताल के स्टॉफ तथा जिला प्रोबेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक, मनीष द्विवेदी संरक्षण अधिकारी, रविन्द्र कुमार विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, हुमा, राकेश, निखिल, आदि अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर महोत्सव के आगाज का शुभारंभ 29 जनवरी को

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव का शुभारंभ 29 जनवरी को होगा। जो दो फरवरी को संपन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। रात आठ बजे सुरेश वाडेकर की भजन संध्या होगी। 31 जनवरी को कनिका कपूर व बृजेश शांडिल्य बॉलीवुड नाइट सजाएंगे। कार्यक्रम के आयोजक जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. के मुताबिक 30 जनवरी को दिन में 11:00 बजे कालानमक चावल के उत्पादन एवं विपणन पर गोष्ठी, रात नौ बजे बॉलीवुड कलाकार ममता शर्मा का कार्यक्रम आयोजित होगा। 31 जनवरी को सुबह 11:00 बजे से बेसिक शिक्षा विभाग का नवाचार सम्मेलन एवं शैक्षणिक उन्नयन कार्यक्रम आयोजित होगा।

## पुलिस ने 11 लाख 50 हजार की चांदी पकड़ा पांच आरोपी गिरफ्तार




वेलकम इण्डिया

**गोल्हौरा/सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा थाने की पुलिस ने रविवार देर रात चेकिंग के दौरान एक कार सवार पांच लोगों को पकड़ा। इनके कब्जे से 27.326 किलो चांदी बरामद की। चांदी के संबंध में कोई कागजात नहीं दिखा सके। जीएसटी सचल दल असिस्टेंट कमिश्नर की जांच में जीएसटी की चोरी पाई गई। इसलिए चांदी जब्त कर ली गई।

पकड़े गए आरोपी दिल्ली और आगरा के रहने वाले हैं। पता चला कि है कि आभूषण कारोबारियों से खरीद फरोख्त करते हैं। एसओ गोल्हौर बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि एक कार में इटवा से बांसी की ओर अवैध रूप से चांदी ले जाई जा रही है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए थाना गेट के सामने बैरिकेटिंग कर वाहन चेकिंग शुरू कर दी गई। इस दौरान एक कार पहुंची। कार रोककर तलाशी ली गई तो उसमें से एक प्लास्टिक की बोरी में 27.326 किलो चांदी बरामद हुई। पकड़े गए लोगों की पहचान नवीन कुमार निवासी उत्तम विहार उत्तमनगर थाना वृंदापुर पश्चिमी दिल्ली, राजू अग्रवाल निवासी थाना बलकेश्वर आगरा, पवन प्रताप सिंह निवासी कृष्णा बाग कॉलोनी थाना एतमदौला आगरा, नरेश कुमार निवासी सोना विहार थाना राजाजी पुरम लखनऊ व संजय अग्रवाल निवासी गोकुल धाम कमलानगर थाना बलकेश्वर आगरा के रूप में हुई।

## शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 11 गिरफ्तार



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** थाना बारादरी पुलिस ने एक अभियान चलाकर सड़क पर शराब पीकर उत्पाद मचाने वाले 11 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी युवकों के परिजनों को थाने बुलाया उन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया। पुलिस ने बताया है कि इन लोगों को चेतावनी दी गई है अगर यह गलती दोबारा की गई तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाई की जाएगी। दरअसल एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश के बाद शनिवार को शाम 5 बजे से 8 बजे तक और रात 10 बजे से 12 बजे तक जिले के कई थाना क्षेत्र में अभियान चलाया गया था। जिसमें 330 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। बारादरी में 47, नवाबगंज में 42 और फतेहगंज पश्चिमी में 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसी को लेकर बारादरी पुलिस पिछले दो दिनों से लगातार सड़कों पर शराब पीकर उत्पाद मचा रहे लोगों पर सख्ती से पेश आ रही है। शनिवार को बारादरी में 47 लोगों को गिरफ्तार किया था। वहीं रविवार को भी रात में अभियान चलाया गया जिसमें 11 लोगों को हिरासत में लिया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार चार सवारी घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पर ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ जाने से ई रिक्शा से टक्कर हो गई रिक्शा में बैठी चार सवारियों सहित ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए,जबकि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित घायलों ने अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद स थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चालक की तलाश में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पर बसों का संचालन नहीं हो रहा है। बसों का संचालन ना होने से क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीणों को रिक्शा,टेम्पो सहित अन्य वाहनों का प्रयोग करना पड़ रहा है। सोमवार को क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फिरदौस पत्नी आरिफ,बल्किशा पत्नी सफी, फिरदौस पत्नी मुस्तकीम ,इनाम पुत्र सगीरा की ई रिक्शा में बैठकर कस्बे से अपने गांव जा रहे थे। बीच रास्ते पीछे से आ रहे तेज गति ट्रैक्टर चालक ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई रिक्शा सवार तीन महिला सवारी और चालक इनाम सड़क किनारे बनी खाई में गिर गए। ई रिक्शा खाई में गिरने से रिक्शा चालक सहित रिक्शा में सवार तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

पीड़ित घायलों ने अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

## सास ने दामाद पर लगाया दहेज में दिए गए सामान को बेचने का आरोप

**कांधला।** सहारनपुर जनपद के गंगोह थाना के मौहल्ला गुलाम मोनिया निवासी महिला ने अपने दामाद पर पुत्री को दिए गए दहेज के समान को कस्बे में बिक्री करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी दामाद को हिरासत में ले लिया है। पीड़ित महिला ने आरोपी दामाद के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जनपद सहारनपुर के कस्बा गंगोह के मौहल्ला गुलाम मोनिया निवासी सायरा ने सोमवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपनी बेटी इरम का निकाह लगभग तीन वर्ष पहले जनपद बागपत के कस्बा बड़ौत निवासी युवक के साथ किया था। आरोप है कि पीड़िता का दामाद नशा कर आए दिन उसकी बेटी के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता रहता है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी दामाद को हिरासत में ले लिया और घरेलू समान से भरे जुगाड को भी थाने ले आई। पीड़ित महिला ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## तस्करी कर नेपाल ले जाने के लिए रखा 184 बोरी चावल व 26 बोरी गेहूं हुआ बरामद, गोदाम सील

वेलकम इंडिया



**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** सदर नौगढ़ एसडीएम की अगुवाई में मोहाना, ककरहवा पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने रविवार रात ककरहवा, नंदनगर और शिवपुरा मे छापा मारा। तीन स्थानों से 210 बोरी अनाज बरामद किया गया। पकड़े गए अनाज को नेपाल ले जाने की योजना थी। बरामद अनाज की सभी सरकारी बोरी में सिलाई थी, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह सरकारी कोटे की दुकान का अनाज है। अभी इस मामले की छानबीन चल रही है।

सदर एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य व मोहाना थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में चौकी ककरहवा पुलिस की संयुक्त टीम ने बॉर्डर से सटे क्षेत्रों में रविवार की देर रात छापा मार कार्रवाई की। नेपाल भेजने के लिए तीन जगहों पर गोदाम बनाकर रखा लगभग 210 बोरी अनाज बरामद किया गया।

इसमें 184 बोरी चावल व 16 बोरी में गेहूं था। इस दौरान टीम को बॉर्डर से सटे नन्द नगर गांव में रघुवर के घर की तलाशी लेने पर छिपाकर रखा गया 26 बोरी गेहूं तथा शिवपुरा में सलाहुद्दीन के घर की जांच के दौरान टीम को 84 बोरी चावल बरामद हुआ। मौके पर बरामद अनाज के संबंध में कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

टीम ने ककरहवा कस्बे में बाल मुकुंद के मकान में भी छापा मारा। जहां नेपाल भेजने के लिए रखा गया लगभग 100 बोरी चावल बरामद हुआ। मकान मालिक ने बताया कि यह चावल ककरहवा कस्बा निवासी रिंकू अग्रहरि का है। मौके पर रिंकू अग्रहरि अनुपस्थित रहे। टीम ने चावल जब्त करते हुए गोदाम सील कर दिया।

सदर एसडीएम कल्याण सिंह मौर्या ने बताया कि सूचना के आधार पर तीन जगह छापा मारा गया। इस दौरान तस्करी कर नेपाल ले जाने के उद्देश्य से भंडारित किया गया 184 बोरी चावल व 26 बोरी गेहूं बरामद हुआ है।

# उत्तरायणी मेले का हुआ रंगारंग आगाज



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले का सांस्कृतिक झांकी के साथ आगाज हो गया है। झांकी को कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत व जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झांकी में आर्मी बैंड ने जहां देश भक्ति सहित बेड़ू पाको बारोमासा की धुन में मेलार्थियों में जोश भरा तो इसके साथ ही देश सेवा के लिए तत्तपरता से देश सेवा कर पूर्व सैनिकों के हितों के लिए कार्य करने वाले पूर्वसैनिक संगठन द्वारा भी रैली में भारत माता की जयकारे के साथ रैली में हिस्सा लिया।साथ ही कलाकारों व स्कूली बच्चों ने स्थानीय पारम्परिक संस्कृति के साथ ही विविध प्रांतों की संस्कृति की छटा बिखेरी।

झांकी तहसील परिसर से शुरू होकर नुमाईश मैदान में जाकर समाप्त हुई। तहसील मुख्यालय से झांकी को कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत व जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झांकी में सबसे पहले संस्कृति व विजय का वाहक निषाण लेकर कलाकार चले। इसके बाद सबसे आगे सेना के जवान देश भक्ति गीतों की धुन व भारत मां की जय के नारों के साथ चलकर देश भक्ति का जोश पैदा किया। इसके बाद खेल विभाग की 38वें राष्ट्रीय खेल की झांकी, गंगोलीहाट के छोलिया नृतक, राबाइंका बागेश्वर की कलश यात्रा झांकी ने भी मेलार्थियों का मन मोहा। इसके अलावा न्यू सैनिक जूहा स्कूल,सरस्वती शिशु मंदिर चौरासी,हिमालयन सेंट्रल स्कूल, राइंका मंडलसेरा, विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा, महर्षि विद्या मंदिर बिलौना, आनंदी एकेडमी बनखोला व घिरौली, सेंट जोजफ थूनाई, गायत्री विद्या मंदिर बागेश्वर, हिमालयन चिल्ड्रन एकेडमी राइंका बागेश्वर, कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल, सैनिक हाईस्कूल,नेशनल मिशन स्कूल व राइंका सैलानी के बच्चों ने विविध संदेश देने के साथ ही संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए झांकी निकाली। झांकी में जौहार सांस्कृतिक समिति, मदकोट का नगाड़ा, हरीश राम को बैंजों व भनार कपकोट के छोलिया नृतक भी शामिल रही।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, उपजिलाधिकारी व मेलाधिकारी मोनिका, डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया, नगर पालिका के ईओ यामीन व अधिकारी हयात सिंह परिहार, भुवन कांडपाल, रघुवीर दफौटी आदि उपस्थित रहे।

# टाण्डा पालिका बोर्ड की बैठक में पूर्ति विभाग के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर पालिका बोर्ड की आकस्मिक बैठक में गलत सत्यापन के आधार पर पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड निरस्त करने को लेकर पूर्ति विभाग के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया गया।

सोमवार को दोपहर अध्यक्ष साहिबा सरफराज की अध्यक्षता में पालिका सभागार में नगर पालिका बोर्ड की आपात बैठक आयोजित हुई।आकस्मिक बैठक के एजेंडे में गलत सत्यापन के आधार पर पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड निरस्त करने का एकमात्र बिंदु शामिल किया गया था। बैठक शुरू होते ही सभासदों ने पूर्ति विभाग की कार्यशैली एवं मनमानी पर नाराजगी जताते हुए जमकर हंगामा किया।उनका आरोप था कि राशन कार्डों के सत्यापन के मामले में पूर्ति विभाग द्वारा हठधर्मिता बरती जा रही है।बड़े पैमाने पर पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं।सदन में रखे गए प्रस्ताव का सभी सभासदों ने एक सुर में समर्थन करते हुए पूर्ति विभाग की मनमानी एवं शासन की मंशा के खिलाफ कार्य करने का आरोप लगाते हुए सम्बंधित विभाग के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास करने की आवाज बुलंद की। बैठक में उपस्थित सभी सभासदों ने एजेंडे में शामिल इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसके बाद प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई।सभासदों ने पूर्ति विभाग के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास कर शासन और प्रशासन से इस सम्बंध में उचित कदम उठाने की मांग की और इस सिलसिले में शीघ्र ही जिलाधिकारी से भी मिलकर गरीब पात्र लोगों का पक्ष रखने की बात कही। सभासदों का कहना था कि गलत तरीके से निरस्त किए गए राशन कार्डों को बहाल किया जाए,राशन कार्डों की सत्यापन प्रक्रिया को फिलहाल रोका जाए।भविष्य में ऐसी समस्याएं उत्पन्न न हों, इसके लिए सत्यापन प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाए तथा पूर्ति विभाग एवं सर्वेक्षकों की जवाबदेही तय की जाए।

शासन की मंशा के खिलाफ जाकर पूर्ति विभाग ने मनमानी का प्रदर्शन करते हुए गलत सत्यापन के आधार पर गरीब पात्र व्यक्तियों के राशन निरस्त किए हैं।जिसके विरोध में सभासदों ने सम्बंधित विभाग के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया है, जिसे उचित कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी के साथ ही शासन को भेजा जाएगा।
**-साहिबा सरफराज अध्यक्ष नगर पालिका टाण्डा**

बैठक में एम सगीर,तस्लीम पहलवान, दिलशाद सगीर,रईस भूरा, मोहम्मद जकी,नेता तस्लीम, जलीस अहमद,मोहम्मद शफीक, मेराजुल इस्लाम भूरा, मतलूब मुन्ना,हाजी हारून, मोहम्मद अय्यूब, मतीन कुरैशी,महमूद अली नायक, अमीर जहां अफसर, शाहीन मसरूर, साकिब,शौकीन जहां, चमेलिया देवी, भानवती सहित समस्त सभासद उपस्थित रहे।बैठक का संचालन ईओ पुनीत कुमार ने किया।

## सिंभावली विकासखंड अधिकारी ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक में 13 जनवरी 2025, को उपनिदेशक पंचायत मेरठ मंडल के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में सुशासन और आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे पर केंद्रित करने हेतु पीडीआई एवं संपूर्ण विकास लक्ष्य का स्थानीयकरण आदि विषयों पर खंड विकास अधिकारी डॉ हरित कुमार एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत शिवम पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें समस्त प्रतिभागियों ग्राम प्रधानों को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम मे विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई। जैसे कि पंचायती राज व्यवस्था, संरचना, ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली , पंचायत विकास सूचकांक सतत विकास लक्ष्यो का स्थानीयकरण , आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव एवं सुशासन वाला गांव तथा पंचायत की भूमिका आदि विषयों पर मास्टर ट्रेनर प्रेमलता, ओमेंद्र कुमार, अंकित भड़ाना तथा डॉ. दीपक सिंह, वरिष्ठ फैकल्टी डीपीआरसी हापुड़ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# भाकियू ने तहसील में प्रदर्शन कर कृषि कानून की प्रतियां जलायीं



वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** संयुक्त मोर्चा के आहवान पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने तहसील परिसर में एकत्र होकर कृषि कानून की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

भाकियू के जिला सचिव साबिर अली के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकर्ता एवं किसान नारेबाजी करते हुए स्थानीय तहसील पहुंचे। जहां पर किसानों ने तहसील में कृषि कानून की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार के तीनों कृषि कानून किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जिन तीन कृषि कानूनों को किसानों पर जबरन थोपने का प्रयास किया जा रहा है, वे पूरी तरह किसान विरोधी हैं।

इस मौके पर राशिद चौधरी, नासिर अली, यूनुस, बदर कमाल, साबिर अली, जावेद, जाबिर अली, राजपाल चौधरी, पूरन सिंह, गजराम सिंह, प्रकाश सिंह, प्रवीण सिंह, रफीक अहमद, रिजवान, मरगूब अहमद, मसरूफ एहमद, रहीस एहमद, जसवंत सिंह, नूर हसन, इब्ने अली, मास्टर सफदर अली, कैश मोहम्मद, अख्तर अली, नदीम आदिल और चौधरी किसान आदि मौजूद रहे।

## भाकियू टिकैत ने तीनों तहसीलों पर

# कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति ढांचा अधिनियम प्रतिलिपि जलाकर जताया विरोध

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद की तीनों तहसील पर भाकियू टिकैत के द्वारा प्रतिलिपियां जलाकर विरोध जताया गया।

बता दें कि संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर कृषि विपणन (बाजार) पर राष्ट्रीय नीति ढांचा (फ्रेमवर्क)अधिनियम प्रतिलिपियां प्रत्येक तहसील पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकताओं द्वारा जलाकर विरोध जताया गया।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 जनवरी को संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर कृषि विपणन (बाजार) पर राष्ट्रीय नीति ढांचा (फ्रेमवर्क)अधिनियम प्रतिलिपि प्रत्येक तहसील पर जलाकर विरोध जताया गया है। इस दौरान तहसील गढ़मुक्तेश्वर अध्यक्ष श्याम त्यागी, सुन्दर सिंह गुर्जर जिला महा सचिव, उमेश राणा ब्लाक अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष नवीन तयागी, जिला कार्यकारणी सदस्य अंकित त्यागी, दिलशाद,अहमद, बाबू शर्मा,भीम सिंह, हेमसिह, देवीसरन, तहसील अध्यक्ष ओमवीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष विनोद शर्मा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जन्म सिंह तहसील संयोजक पुष्पेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष ग्रामीण सुरेंद्र सिंह, युवा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी,जिला संरक्षक धर्मवीर सिंह मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिलपाल सिंह उर्फ गुजराल, महिला जिला अध्यक्ष, नीलम त्यागी, धौलाना तहसील अध्यक्ष रविंद्र सिंह, फरमान खान सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली, हिम्मतपुर ग्राम अध्यक्ष शहाबुद्दीन, हापुड़ ब्लॉक अध्यक्ष पणिडत विनोद शर्मा, गढ़मुक्तेश्वर व हापुड़ तहसील और धौलाना तहसील समेत तीनों जगह भाकियू टिकैत के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी के माल के साथ पांच शातिर चोर गिरफ्तार, गए जेल

वेलकम इंडिया



कछवांरोड। मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रखौना रिंग रोड के पास से सोमवार की तड़के घेराबंदी कर के पांच शातिर चोरो को गिरफ्तार करते हुए करीब बीस लाख का चोरी का माल बरामद कर ली।

एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार की तड़के मुखबिर द्वारा मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी को सूचना मिली चार शातिर चोर चोरी का माल एक मैजिक से लेकर प्रयागराज की तरफ जा रहे है साथ में ब्लैक कलर की बाइक से चोरो का सरगना भी आगे-आगे चल रहा है।जिसपर थाना प्रभारी करधना चौकी प्रभारी रोहित दुबे व एसआई मधुसूदन त्रिपाठी के साथ रखौना रिंग रोड के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक मैजिक व बाइक को घेराबंदी कर पकड़ लिए।पकड़े गए चोरो से मैजिक वाहन पर लदे सामान के बारे पूछा गया तो बताए कि साहब सारे सामान चोरी के है।

पुलिस द्वारा चोरो के पास से चुराई गई 15 बैटरी, 24 फरमा व 5 लेंथ छड़ व एक मैजिक वाहन व बाइक बरामद किया गया।पकड़े गए चोर मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के भिखीपुर निवासी रवि पांडेय, जितेंद्र राजभर, वीरेंद्र राजभर व गौर गांव बंगला (मिजार्मुराद) निवासी विशाल बिन्द व प्रतापपुर (मिजार्मुराद) निवासी राहुल कुमार रहे।पकड़े गए चोरो के सरगना रवि पांडेय ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि एवेंजर बाइक से में अपने साथियों के साथ सुबह में रैकिंग करता हूं फिर साथी राहुल मैजिक लेकर आता है रात में अन्य साथियों के साथ चोरी कर के मैजिक वाहन पर लादकर उठा ले जाता हूं।पकड़े गए चोरो के खिलाफ लिखा पड़ी करने के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया।थाना प्रभारी ने बताया कि रवि पांडेय के खिलाफ पहले से भी चोरी के मुकदमें दर्ज है।

वही बीते 2 दिसम्बर को ई रिक्सा से चोरो द्वारा बैटरी चुराई गई थी ऐसे ही अन्य जगहों से चोरो ने गाड़ियों की बैटरी चुराई थी वही फरमा व छड़ चोरो द्वारा बीते शुक्रवार की रात गौर गांव स्थित भुवालपुर नहर के निकट एक निमार्णाधीन मकान से चुराई गई थी।रवि द्वारा बाइक का नंबर प्लेट बदलकर रैकिंग किया जाता है।

# डीआईजी मेरठ रेंज ने पौष पूर्णिमा गंगा स्नान मेले का सुरक्षा की दृष्टिगत पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर/डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी के द्वारा जनपद की तीर्थ नगरी ब्रजघाट में पौष पूर्णिमा गंगा स्नान मेले पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया के स्नान घाट, एवं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को चेक कर संबंधित को दिए सख्त दिशा निर्देश।इस अवसर पर भ्रमण के दौरान एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह, अन्य पुलिस कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# शालबी हॉस्पिटल ने लायंस आकांक्षा गोल्ड के साथ लगाया मेगा निशुल्क आर्थोपेडिक कैंप

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** शालबी हॉस्पिटल ने लायंस आकांक्षा गोल्ड के साथ लगाया मेगा निशुल्क आर्थोपेडिक कैंप का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो मरीजों का निशुल्क प्रशिक्षण एवं उन्हें सुझाव दिए गए। कैंप के उद्घाटन लायंस क्लब आकांक्षा गोल्ड के उपमंडलाधीश प्रथम लायन डॉ आर सी मिश्रा द्वारा किया गया।

इस मौके पर लायंस क्लब आकांक्षा गोल्ड के पदाधिकारियों द्वारा विशेष रूप से सहयोग करते हुए शालबी हॉस्पिटल टीम का उत्साहबर्धन किया गया। ये मेगा आर्थोपेडिक कैंप सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3 बजे आयोजित हुआ, जिससे दिन की सामान्य ऑर्थोपेडिक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। इस दौरान लोगों की निशुल्क शुगर रक्तचाप और एडवांस्ड एक्स-रे स्क्रीनिंग से महत्वपूर्ण जांच की गयीं। इस दौरान इलाज कराने आये लोगों द्वारा लायंस आकांक्षा गोल्ड और शालबी हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयास की प्रशंसा की गयी। इस मौके पर शालबी हॉस्पिटल टीम, लायंस डिस्ट्रिक्ट 321इ1 के मण्डलाधीश लायन मुकेश जैन,उपमंडलाधीश प्रथम लायन डॉ आर सी मिश्रा, उपमंडलाधीश द्वितीय लायन परमजीत सिंह, सभी पूर्व मण्डलाधीश, डिस्ट्रिक्ट 321इ1 के पदाधिकारी और आकांक्षा गोल्ड के चार्टर अध्यक्ष लायन पवन शर्मा, अध्यक्ष लायन आनन्द अरुणेश, सचिव संदीप वर्मा, कोषाध्यक्ष लायन शशी तिवारी, चार्टर अध्यक्ष लायन विशाल मिश्रा समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस दौरान लखनऊ कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष और प्रतिष्ठित शकुन मेडिकल स्टोर के संस्थापक विनय शुक्ला और समाजसेविका आरती मिश्रा की उपस्थिति सराहनीय रही।

# भाजपा नेता मकसूद लाला ने राशन कार्डों के सम्बंध में डीएम को दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर में गलत सर्वे के आधार पर निरस्त किए गए राशन कार्डों का मुद्दा लगातार गमार्ता जा रहा है।सोमवार को जहां नगर पालिका बोर्ड की आकस्मिक बैठक में राशन कार्डों के निरस्तीकरण को लेकर पूर्ति विभाग के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया गया, वहीं इस मामले को लेकर भाजपा नेता एवं पूर्व पालिकाध्यक्षपति मकसूद अली लाला ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर गलत तरीके से निरस्त किये गए राशन कार्डों को बहाल किये जाने एवं सत्यापन कार्य रोके जाने के साथ ही नए राशन कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया आरंभ किये जाने की मांग की है।

नगर में जिलाधिकारी के निर्देश पर पालिका कर्मचारियों ने घर-घर जाकर सत्यापन कर अपात्रों को चिह्नित किया है।जिसके आधार पर पूर्ति विभाग द्वारा उनके राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई शुरू हुई।जिसके बाद राशनकार्ड धारकों में बेचैनी है।

उनका कहना है कि गलत सत्यापन के आधार पर पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड निरस्त किये गए हैं।जबकि शासन की मंशा गरीब जरूरतमंदों को प्राथमिकता के आधार पर निःशुल्क राशन उपलब्ध कराना है।भाजपा नेता मकसूद अली लाला ने जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उनके नाम ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर गलत सत्यापन के आधार निरस्त किये गए राशन कार्डों को बहाल किए जाने के साथ ही राशन कार्डों का सत्यापन कार्य रोके जाने, आबादी के हिसाब से जरूरतमंदों के नए राशनकार्ड बनाये जाने की मांग की है।

# हरिद्वार विश्वविद्यालय में टीचर्स आईकान अवार्ड 2025 से सम्मानित हुए एआरपी महेश कुमार एवं शिक्षिका अंजना

वेलकम इंडिया




**हापुड़।** हरिद्वार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित चतुर्थ अखिल भारतीय शैक्षिक विमर्श एवं शिक्षक सम्मान समारोह में हापुड़ जनपद के *गढ़ मुकतेश्वर ब्लॉक के ए.आर.पी. महेश कुमार एवं कम्पोजिट विद्यालय जोगीपुरा हापुड़ की शिक्षिका अंजना* को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों के लिए ₹टीचर्स आईकान अवार्ड 2025₹ से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह उदघोषः शिक्षा का नया सवेरा एवं हरिद्वार विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

देश के विभिन्न राज्यों से आए 145 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों हेतु टीचर्स आइकन अवार्ड व 20 शिक्षकों को शिक्षा श्री सम्मान दिया गया। उक्त अवार्ड के अतिरिक्त पूर्व में भी महेश कुमार एवं अंजना को भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा डॉ.अम्बेडकर फेलोशिप राष्ट्रीय अवार्ड, मिशन शिक्षण संवाद द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड तथा जनपद के उत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड आदि से भी सम्मानित किया जा चुका है। शिक्षा उदघोषः शिक्षा का नया सवेरा₹ नामक पुस्तक का भी विमोचन हरिद्वार विश्वविद्यालय के अध्यक्ष सी.ए. एस.के. गुप्ता, विशिष्ट अतिथियों कीर्ति चक्र, शौर्य चक्र एवं विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित कर्नल अजय कोठियाल, पद्मश्री सेठपाल सिंह (नवोन्मेषी कृषक), मैती आंदोलन के प्रणेता पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, पदमश्री डॉ प्रेमचंद शर्मा,शिक्षाविद व साहित्यकार डॉ.नंद किशोर नौटियाल व संपादक डॉ संजय शर्मा वत्स द्वारा किया गया। इस पुस्तक में 65 लेखकों के शोध आलेख, समीक्षा व शैक्षिक अनुभवों को समाहित किया गया है।

# बिजलीकार्मियों ने काली पट्टी बांधकर निजीकरण का किया विरोध



वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** विद्युत उपखंड नौगढ़ सहित अन्य कई उपखंडों पर सोमवार को विद्युत कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर निजीकरण का विरोध किया। एसडीओ योगेश ने कहा कि सभी कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। यदि सरकार इसे नहीं मानेगी तो आगे यह विरोध धरने के रूप में होगा। निजीकरण से विद्युत कर्मियों का शोषण होगा, जिसका हम लोग विरोध करेंगे। विद्युत संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तावित विरोध कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को सांकेतिक विरोध के लिए अधिशाषी अभियंता, उपखंड अधिकारी समेत अन्य कर्मचारियों को काला फीता बांधकर विरोध दर्ज करवाया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता एसके त्रिपाठी, योगेश बघेल, बबलू चौधरी, अवनीश मिश्रा, अजय वर्मा, नीरज कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# शहर से लेकर देहात तक सभी जगह बिजली आपूर्ति की व्यवस्था चरमराई

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** बिजली विभाग का अजब गजब कारनामा जनपद में देखने को मिल रहा है बिजली विभाग के कर्मचारी फाल्ट के नाम पर क्या दिन क्या रात जब चाहे तब सप्लाई बाधित कर देते हैं उसके बाद घंटों सप्लाई को चालू करने के नाम पर लाइन में हुए फाल्ट को ढूंढने का काम करते रहते हैं, यह काम जनपद के किसी एक सब स्टेशन पर नहीं किया जा रहा है लगभग सभी सब स्टेशन इसकी जद में आ चुके हैं। आम उपभोक्ताओं द्वारा जब बिजली वाधित होने का कारण संबंधित सब स्टेशन के अधिकारियों से पूछा जाता है तो उनके द्वारा यह बताया जाता है कि लाइन में फाल्ट हो जाने के कारण लाइन बाधित है जल्द ही आपकी बिजली आपूर्ति सुचारु की जायेगी। लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि जब शासन स्तर से या जिले स्तर से बिजली के तारों को दुरुस्त करने या फाल्ट सही करने के लिए समय दिया जाता है और बिजली विभाग के अधिकारी बकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आम जनमानस को यह सूचित करते हैं कि इस क्षेत्र की बिजली सप्लाई आज सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बाधित रहेगी तो उस समय में बिजली विभाग के कर्मचारी आखिर क्या करते हैं ? उस समय लाइनों में हुए फाल्टों को क्यों नहीं ढूंढ पाते और क्यों नहीं दुरुस्त कर पाते। सुभाष नगर बिजली घर का भी कुछ ऐसा ही हाल नजर आता है, पिछले कई दिनों से सुभाष नगर के उपभोक्ता इतने परेशान हो चुके हैं कि अब उन्हें बिजली आने और जाने की कोई खबर ही नहीं, बिजली सप्लाई घंटों बाधित रहती है और कर्मचारी फाल्ट ढूंढने के नाम पर इधर-उधर चाय पीते हुए नजर आते हैं। आपको बता दें कि सर्दियों की छुट्टी के कारण अभी स्कूल कॉलेज बंद चल रहे हैं इसलिए स्कूली बच्चे भी घर पर ही हैं, लेकिन कामकाजी पुरुष और महिला रोजाना की तरह अपने जॉब के लिए सुबह सवेरे ही बिना नहाये अपने काम पर जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं, वहीं सर्दियों में शाम ढलते ही बिजली न होने से क्षेत्र वासियों में चोरों का भी भय बना हुआ है। क्योंकि अंधेरे में चोरों को अपने कारनामे को अंजाम देने में कोई कठिनाई नहीं होती। बिजली विभाग की इस हरकत से पुलिस प्रशासन को भी आने वाले समय में चुनौती झेलनी पड़ सकती है। आम उपभोक्ताओं की मांग है कि एक बार बिजली विभाग लाइनों का सही से सत्यापन करने के बाद दुरस्तिकरण कर दे, ताकि भविष्य में फाल्ट कम हो और बिजली आपूर्ति सही तरीके से जारी रह सके।

# सरकार ने गौ संवर्धन के लिए बनाई है अनेक योजनाएं : राज्यसभा सांसद सुभाष बराला

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** सरकार ने गौ संवर्धन के लिए योजनाएं बनाई है, गौ पालन को बढ़ावा देने के लिए भी सब्सिडी वाली कई योजनाएं बनाई गई है। इसके साथ ही गौशाला के विकास और इनके संचालन में किसी प्रकार की दिक्कत ना आये, इसे लेकर भी सरकार फोकस किये हुए है, यह बात राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गांव काबरेल में स्थित श्री कृष्ण गौशाला, गौ संवर्धन एवं अनुसंधान केंद्र में कहीं। गौशाला में मकर संक्रांति एवं 13वे वार्षिक महोत्सव का आयोजन केशव माधव धाम ट्रस्ट काबरेल द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शिरकत करते हुए कहा कि गाय के दूध की महत्वत्ता प्राचीन काल से ही चली आ रही है, हमारे देश में गाय को गौ माता कहा जाता है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के जरिये आज ना सिर्फ गौ संवर्धन की दिशा में काम किया जा रहा है, बल्कि इनके द्वारा केंचुआ खाद, गौ अर्क इत्यादि को बना कर एक तरह से मूल्य संवर्धन की दिशा में भी काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि सरकार की बनाई योजनाओं का धरातल पर असर आ रहा है। गोशालाओं को सरकार आज चारे और दूसरी तमाम सुविधाएं दे रही है। कार्यक्रम के दौरान गो कथा का वाचन पंजाब प्रांत गौ सेवा संयोजक चंद्रकांत द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक रणधीर पनिहार, बनवारी लाल पूनिया, एचपीएससी की सदस्य ज्योति बेंदा, गो कथा वाचक चंद्रकांत, काबरेल की सरपंच हीरादेवी, बीजेपी जिला महामंत्री आशीष जोशी, प्रवीण पोपली, मनदीप मलिक, विकास जैन, कृष्ण बिश्नोई, अजय धुंधवाल, रामअवतार जिंदल, जीजेयू वीसी नरसी राम बिश्नोई, डॉ रविन्द्र गुप्ता, रवि हिसारिया, सीए लक्ष्मी जैन, संजय वर्मा, रामस्वरूप पोपली, विनोद गुप्ता, हंसराज सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


# परतापुर इंडस्ट्रियल स्टेट में हुआ 20वीं एक्सिस बैंक की शाखा का शुभारंभ



**वेलकम इंडिया**

मेरठ दिल्ली रोड परतापुर इंडस्ट्रियल एस्टेट में एक्सिस बैंक की 20वीं ब्रांच का शुभारंभ सोमवार सुबह 11 बजे हवन पूजन के साथ किया गया तत्पश्चात शुभम ऑर्गेनिक से आए रामकुमार गुप्ता ने भगवान के आगे दीपक जलाकर शाखा का शुभारंभ किया। शाखा प्रबंधक विकास सिंह ने बताया की वह इंडस्ट्रियल स्टेट में नए-नए लक्ष्य लेकर आए हैं जिनका पूरा कर वह एक्सिस बैंक को बुलंदियों पर पहुंचने का पूरा प्रयास करेंगे इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विकास सिंह के अलावा उप शाखा प्रबंधक शुभम चौहान दीपक गर्ग भावेश शर्मा नितिन सेठ आदि लोग मौजूद रहे।

# वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा ने स्वलिखित पुस्तक कुमाऊ कमिश्नर को की भैंट



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत के बगेश्वर के प्रसिद्ध उत्तरायणी मेले के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचने पर वृक्ष मित्र और पर्यावरण प्रेमी किशन सिंह मलड़ा ने स्वलिखित पुस्तक थ्वाड़ भरपाई एवं महत्वाकांक्षा को भेंट किया। कुमाऊ कमिश्नर ने देवकी लघु वाटिका के द्वारा अब तक पर्यावरण संरक्षण और विलुप्त होती प्रजाति के पौधों के संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष हजारो पोधो का रोपण कर प्रकृति को हरा भरा रखने, जैवीय विविधता कम करने, और पहाड़ में विलुप्त होती जा रही अनेक प्रजातियों के पोधो को संरक्षित करने हेतु निशुल्क रूप से पौधों को नवजीवन प्रदान करने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने पर उनकी सराहना की।वृक्ष मित्र मलड़ा से जानकारी लेते हुए पर्यावरण संरक्षण में वृक्ष मित्र मलड़ा के योगदान को अतुलनीय बताते हुए उनकी सराहना की। साथ ही वृक्ष मित्र मलड़ा द्वारा उन्हें मूंगा रेशम और रुद्राक्ष के पौध भी भैंट किए गए।

# महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए त्रिवेणी एक्सप्रेस में हुई महा मशक्कत

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** महाकुंभ 2025 के लिए जनपद बरेली से हजारों की तादाद में लोगों का रवाना होना जारी है सोमवार को भी बरेली जंक्शन से रवाना होने वाली त्रिवेणी एक्सप्रेस में जो नजारा देखने को मिला वह शायद कभी नहीं देखने को मिला होगा, इस नजारे को देखकर आरपीएफ के जवानों के भी हाथ पैर फूल गए क्योंकि महाकुंभ के संगम में डुबकी लगाने के लिए हजारियों की तादाद में लोगों ने त्रिवेणी एक्सप्रेस को अपना माध्यम बनाया, लेकिन जब लोगों को जगह नहीं मिली तब उन्होंने लगेज बोगी के साथ एसी बोगी पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद भी आरपीएफ सभी यात्रियों को बाहर निकलने में नाकाम रही, इतने में ट्रेन के छूटने का समय भी हो गया। आस्था क्या होती है इसका नजारा 13 जनवरी यानी महाकुंभ के प्रथम स्नान के दिन से पहले शायद ही किसी ने देखा होगा। यह तो वही बता सकतें हैं जो सोमवार को मकर संक्रांति पर महाकुंभ में स्नान करने के लिए त्रिवेणी एक्सप्रेस से सफर करने जा रहे थे या त्रिवेणी एक्सप्रेस से यात्रियों को उनके उचित स्थान पर बिठाने का प्रयास करने वाले आरपीएफ के जवान ही समझ सकते हैं। रेलवे जंक्शन पर खड़ी त्रिवेणी एक्सप्रेस को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे गदर एक फिल्म कथा का सीन सामने आ गया हो, क्योंकि हर किसी को फिल्म की तरह ट्रेन पर चढ़ने की जल्दी थी, हर किसी का मकसद किसी भी तरह से महाकुंभ तक पहुंचाना ही दिखाई दिया। जल्दबाजी के चलते यात्रियों ने एक दूसरे का कालर पकड़कर नीचे कर दिया, इस बीच कई यात्री आपस में झगडते हुए भी दिखाई दिए। वहीं आरपीएफ के जबानों ने भी काफी मशक्कत करके लगेज यान को खाली कराया तब कही जाकर पार्सल का सामान रखा गया। महाकुंभ में स्नान करने के लिए जो बुजुर्ग लोग ट्रेन में चढ़ नही सकें, उनमें से एक स्लीपर कोच में आरक्षित टिकट वाले महेश चन्द्र शर्मा ने बताया है कि उन्हे महाकुंभ प्रयागराज में स्नान करने जाना था लेकिन ट्रेन में चढ़ नही सके।

# प्रयागराज महाकुंभ 2025 में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से दिव्य प्रदर्शनी का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में दिव्यांगजनों के उत्थान की दिशा में एक प्रेरक पहल दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री, माननीय श्री नरेंद्र कश्यप जी द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काट कर किया गया ह्ल मंत्री जी द्वारा भाविनी डे केयर के स्टॉल का निरीक्षण किया गया । यह स्टॉल दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने का उदाहरण है। मंत्री महोदय ने भाविनी डे केयर की सेवाओं और उनके समर्पण की सराहना की। यह पहल समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का संदेश देती है। आइए, हम सब मिलकर इस तरह के प्रयासों का समर्थन करें और एक समावेशी समाज का निर्माण करें।

# लेखपाल हत्याकांड में शामिल 25 हजार का इनामी आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** फरीदपुर तहसील में कार्यरत लेखपाल मनीष कश्यप के हत्याकांड में फरीदपुर पुलिस और एसओजी टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। यह मुठभेड़ सोमवार को सुबह गौसगंज के पास नहर पटरी के किनारे हुई। इस मामले में पुलिस दो अन्य आरोपियों को अब तक जेल भेज चुकी है। सूरज और अन्य आरोपी अभी तक फरार चल रहे थे। आपको बता दें कि फरीदपुर तहसील परिसर से लेखपाल मनीष कश्यप के ड्यूटी के दौरान लापता होने की बात सामने आई थी। लेखपाल की मां मोरकली ने पहले बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई। लेकिन 2 दिसंबर 2024 को ये मामला अपहरण में बदल गया। उसके बाद पुलिस ने 15 दिसंबर 2024 को मुख्य आरोपी ओमवीर उर्फ अवधेश की निशानदेही पर मनीष का कंकाल और अन्य सामान बरामद किया था। पुलिस की जांच में पता चला कि सूरज और उसके साथ नन्हे और नेत्रपाल ने मिलकर मनीष का अपहरण किया और गला घोंटकर हत्या कर दी थी। शव को थाना सुभाषनगर क्षेत्र में झाड़ियों में फेंक दिया गया था।

# डीएम की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के सफल आयोजन से सम्बंधित तैयारी बैठक हुई आयोजित

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आगामी 24 से 26 जनवरी 2025 की अवधि में ह्यह्यउत्तर प्रदेश दिवस-2025 को समारोह पूर्वक आयोजित किये जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहें।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य के स्थापना दिवस दिनांक 24 जनवरी 2025 के उपलक्ष्य में जनपद में ह्यउत्तर प्रदेश दिवसह्ल का गरीमामयी आयोजन जनसहभागिता के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश दिवस आयोजन को उत्साहपूर्वक सफल एवं सुव्यस्थित ढंग से मनाये जाने के संबंध में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि जनपद में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन विकास भवन परिसर स्थित डीपीआरसी भवन में दिनांक 24 से 26 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। वर्ष 2025 के ह्यह्यउत्तर प्रदेश दिवस आयोजन का मुख्य थीम विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश है। इस संदर्भ में जिलाधिकारी ने निवेश एवं रोजगार पर आधारित संगोष्ठियां एवं उद्यमी सम्मेलन आदि कार्यक्रमों का प्रमुखता से आयोजन किये जाने के संबंध में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, रोजगार, समाज कल्याण, प्रोबेशन, कौशल विकास, खेल सहित अन्य विभागों को विभाग से सम्बंधित संचालित जन कल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं/उत्पादों का स्टाल लगा कर ब्रोशर आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने एवं जन सामान्य को योजनाओं से सम्बंधित जानकारी देने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी जीशान रिजवी, एसडीएम धनघटा अरुण वर्मा, एसडीएम मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी केलेक्ट्रेट डा0 सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी संजीव राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सदर जनार्दन, उप कृषि निदेशक डा0 राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग राज कुमार शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिशचन्द्र नाथ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी सतीशचन्द्र, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवीश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, प्रशासनिक अधिकारी ब्रदी प्रसाद, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा सतीश कुमार, पयर्टन अधिकारी विकास नारायण, उपक्रिडाधिकारी दिलीप कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# संस्कृति के विकास में सहायक होते हैं मेले:आयुक्त

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,**गोविन्द मेहता, कुमांऊ आयुक्त दीपक रावत ने दीप प्रज्वलित व रिवन काटकर ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेले संस्कृति के संवाहक होते है। संस्कृति के विकास में मेलों का काफी महत्व है तथा मेले संस्कृति के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तरायणी मेला ऐतिहासिक, धार्मिक व व्यापार के दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आयुक्त समेत सभी मेलार्थियों का स्वागत करते हुए मेलार्थियों से मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की अपील की।कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने नुमाईशखेत में आयोजित उत्तरायणी मेले का दीप प्रज्वलन के साथ ही फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने नुमाइश में लगे स्टालों का निरीक्षण किया तथा जानकारी प्राप्त की। मेलार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा बागनाथ की भूमि में लगने वाला उत्तरायणी मेले का ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के साथ ही व्यापारिक महत्व भी है। उन्होंने उत्तरायणी का दिन कुली बेगार प्रथा के खिलाफ आवाज उठाने वाले बीडी पांडे को याद करने वाला भी बताया। उन्होंने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके उन्मूलन के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है,सामाजिक जागरूकता से ही नशे को दूर किया जा सकता है। मेले के पुराने स्वरूप को बरकरार रखने के लिए मंडलायुक्त ने जनपदवासियों के साथ ही प्रशासन को बधाई दी। इस दौरान स्थानीय लोगों की फरमाईश पर मंडलायुक्त ने ह्यह्यझन दीया बौज्यू छाना बिलौरी,लागला बिलौरी का घामाह्लह्लकुमाऊनी गीत गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।मेला संरक्षक/जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मेलार्थियों से मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि मेले को आकर्षक बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए गए हैं। सात दिन तक चलने वाले मेले में स्थानीय कलाकारों के साथ ही बाहरी क्षेत्र से कलाकारों को बुलाया गया है। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने कहा कि मेलार्थियों व व्यापारियों की सुरक्षा व सेवा के लिए पुलिस बल हमेशा तत्पर है। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा स्वागत गीत के साथ ही रंगारंग कार्यक्रमो की प्रस्तुतियां दी। साथ ही ताइक्वांडो व अन्य खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाडियों एवं स्वच्छता के प्रति जागरूता के लिए कुंदन प्रसाद व जागर गायिका कमला देवी को कुमाऊं कमिश्नर ने सम्मानित किया।इस दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी,उपजिलाधिकारी व मेलाधिकारी मोनिका, नगर पालिका ईओ मोहम्मद यामीन, हयात सिंह परिहार, बसंत भाकुनी,भुवन कांडपाल, रघुवीर दफौटी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव जोशी व जयंत भाकुनी द्वारा किया गया।



# निकाय चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संभाला मोर्चा



वेलकम इंडिया

**टिहरी गढ़वाल।** प्रदेश में निकाय चुनाव के मद्देनजर तमाम राजनीतिक दल धुआंधार प्रचार में जुटे हुए हैं। सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी भी बीजेपी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान आज सीएम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चंबा पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को सम्बोधित करने से पहले श्री देव सुमन और शहीद वी सी गब्बर सिंह की मूर्ति का माल्यापर्ण किया। मुख्य मंत्री ने चंबा नगर पालिका प्रत्याशी शोभना धनौला के पक्ष में सभा को संबोधित किया। इस मौके पर सीएम धामी ने कहा कि मुझे 200 फीसदी भरोसा है कि आप सभी हमें चंबा और टिहरी दोनों नगर निगम चुनावों में जीताएंगे। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी यहां आया हूं लेकिन इतनी बड़ी संख्या मैंने पहले कभी नहीं देखी। उन्होंने जनता से बीजेपी के प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब यहां ट्रिपल इंजन की सरकार होगी, तो विकास की गति भी 3 गुना तेज होगी। मुख्यमंत्री ने चंबा नगर पालिका चुनाव के लिए बीजेपी प्रत्याशी शोभना धनौला के लिए जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने श्री देव सुमन की मूर्ति और शहीद राइफलमैन गब्बर सिंह नेगी के स्मारक स्थल पर पहुंचकर मूर्ति पर माल्यापर्ण किया। साथ ही कार्यकताओं के साथ रोड शो के दौरान चंबा के स्थानीय व्यापारियों और जनता से जनसंपर्क किया। चंबा में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टिहरी की वीर भूमि की जनता नगर पालिका टिहरी और चम्बा में कमल खिलाएगी।

## कस्बा गुरसराय में नहीं रुक रहा चोरियों का सिलसिला

**झांसी!** कस्बा गुरसराय में इन दिनों चोरियों का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा।बिगत दिनों पहले कस्बा में कई चोरियों का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई।गल्ला मण्डी में मूँगफली की चोरी की रिपोर्ट लिखने के 25 दिन बाद भी पुलिस इस मामले में भी कुछ खुलासा नहीं कर पायी है इसके बाद आज कस्बा गुरसराय के पॉस इलाका कटरा में फिर चोरों ने दो चोरियों को अंजाम दे डाला। रविवार की रात्रि राकेश सोनी कैरोखर वाले के ज्वेलरी की दुकान से चोरों ने चोरी को अंजाम दे डाला वहीं पीड़ित का कहना है कि मेरी दुकान से पांच-छः लाख के जेवर चोरी हुए हैं, वहीं पास में पीएनबी की कैशियर रोशनी ने बताया कि चोरों ने मकान का ताला तोड़कर 15000 की नगदी चुरा कर रफूचक्कर हो गए। कस्बा में हो रही लगातार चोरियों से कस्बा वासियों में भय व्याप्त है और चोरों के हौसले बुलंद है जब संबंध में क्षेत्राधिकारी राजेश राय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बहुत जल्द चोरियों का खुलासा किया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई की जाएंगी।

## ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलविंदर सिंह ने केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मुरादनगर का निरीक्षण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ,उप प्रधानाचार्य स्वीटी जैन व एनसीसी ऑफिसर अनुराग गुप्ता ने गर्म जोशी के साथ उनका हरित स्वागत किया।विद्यालय के एन सी सी पायलट ने उनकी अगवानी की तथा एनसीसी कैडेट ने सेल्यूट कर ग्रुप कमांडर का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलविंदर सिंह ने सभी एनसीसी कैडेट को संबोधित किया तथा अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी एकता और अनुशासन की एक मजबूत कड़ी है। एनसीसी हमें एकता के सूत्र में बांधकर अनुशासन में रहकर समाज सेवा व राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने मोटिवेशन कहानी सुना कर एनसीसी कैडेट का उत्साह वर्धन किया। व एनसीसी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर कर्नल पी के सिंह, सूबेदार मेजर परमानंद, सूबेदार सरदार सिंह, हवलदार संजीत कुमार, एनसीसी ऑफिसर अनुराग गुप्ता उपस्थित थे।

## उत्तराखंड में कई जगह अवैध खनन जारी हैं, जिस पर लगातार कार्यवाही भी की जा रही



वेलकम इंडिया

**देहारदून।** जिला खान अधिकारी देहरादून ने बीते दिनो सौडा सरोली में अवैध खनन में लिप्त जेसीबी और डंपर को सीज कर दिया। जिला खान अधिकारी देहरादून नवीन सिंह को अवैध खनन की शिकायत प्राप्त हुई, जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए शिकायती स्थल पर पहुँचे। शिकायती स्थल पर एक जेसीबी मशीन व एक डम्फर को अवैध खनन करते हुए पाया गया, जिन्हें भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय खनिज भवन भोपालपानी में लाकर सीज कर दिया गया, साथ ही खनन किये भाग कि पैमाईश भी कि गई। जिला खान अधिकारी देहरादून नवीन सिंह द्वारा बताया गया कि सौडा सरोली तहसील सदर में अवैध खनन की शिकायत प्राप्त हुई, जिस पर तुरंत संज्ञान लिया गया, उनका कहना है कि अवैध खनन पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## रुद्रपुर पहुंची खेल मंत्री निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण जल्द कार्य पूरा करने के लिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**रुद्रपुर।** प्रदेश में नेशनल गेम्स को लेकर तैयारियां चल रही है. खेल मंत्री रेखा आर्य ने सोमवार को रुद्रपुर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. इसके साथ ही मनोज सरकार स्टेडियम में मौजूद वॉलीबॉल और हैंडबॉल की प्रैक्टिस कर रहे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया। मंत्री ने की वॉलीबॉल और हैंडबॉल के खिलाड़ियों से की मुलाकात खेल मंत्री रेखा आर्य सोमवार को रुद्रपुर पहुंची. इस दौरान उन्होंने मनोज सरकार स्टेडियम में वॉलीबॉल और हैंडबॉल के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनकी तैयारी के बारे ( में जानकारी ली. मंत्री ने कहा कि हमारी टीमें राष्ट्रीय खेलों के महासमर में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गोवा में जो कसर बाकी रह गई थी इस बार उसे पूरा कर देना है.निर्माण कार्य का किया निरीक्षण मंत्री ने स्टेडियम में चल रहे हैंडबॉल टीम सिलेक्शन के लिए ओपन ट्रायल का भी निरीक्षण किया. रेखा आर्य ने मीडिया से बातचीत में बताया कि हैंडबॉल टीम के सिलेक्शन के लिए विशेष रूप से उन विशेषज्ञ को बुलाया गया है जो अतीत में राष्ट्रीय टीम का चयन कर चुके हैं. इसके साथ ही मंत्री ने 46वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर में चल रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण. बता दें यहां शॉटगन शूटिंग का इवेंट होना है. इस दौरान रेखा आर्य ने अधिकारियों को सभी तैयारियां जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं.

## शादी की खरीदारी करने जा रहे युवक के साथ लूट

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बहन की शादी का सामान बुक करने जा रहे युवक के साथ दबंगों ने सिर्फ मारपीट की बल्कि उसे बंधक बनाकर सोने के जेबरात और नगदी भी लूट ली। पीड़ित के चाचा मुकेश शर्मा निवासी डूंगराजाट ने पुलिस को तहरीर के अनुसार उनका भतीजा दीपक शर्मा पुत्र राकेश शर्मा सुबह करीब 9.30 बजे अपनी बहन की शादी का सामान बुक करने जहांगीराबाद जा रहा था, उसके पास सोने के जेवरात जिसमें झुमकी, मंगलसूत्र, अंगूठी, कुंडल और 55, हजार रुपए नगद थे। रास्ते में शिवा पुत्र राजकुमार और दो अज्ञात लोगों ने उसे पकड़ लिया। आरोपियों ने दीपक को ज्ञानेंद्र के गन्ने के खेत में ले जाकर कलच की पतली तार से गला, हाथ-पैरों अन्य अंग बांध दिए और उस पर पेट्रोल छिड़क दिया, इसके बाद सारे जेवरात और नकदी लूट ली। घटना का पता तब चला जब गांव के एक युवक गगन कुमार शर्मा ने इसे देखा और परिजनों को सूचित किया परिजनों ने तुरंत 112 पर कॉल करके पुलिस को घटना की जानकारी दी।

## आसरा एनजीओ ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया




वेलकम इंडिया

**झांसी!** आसरा एनजीओ रक्तदान शिविर की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया मरीजों की जान बचाने को लोगों ने कदम बढ़ाया इस मौके पर रक्तदान किया गया सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं डाक्टरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया आसरा एनजीओ की अध्यक्ष पूजा शर्मा ने कहा कि एनजीओ की ओर से हर साल में यथार्थ हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाया जाता है। इसीक्रम में आज रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें उनके अलावा आसरा एनजीओ के महासचिव बंटी शर्मा ,पूजा कनौजिया, अरुण कुशवाहा, हिमांशु मनोज सनी कुशवाहा सोनू यादव, कैलाश कुशवाहा, अनुरोध प्रताप सिंह ,राघवेंद्र सिंह मोनू गोलू द्वारा रक्तदान किया गया इस दौरान उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए रक्तदान महादान है कई बार देखा गया है कि सड़क दुर्घटना आदि में चोट लगने पर अस्पताल तक मरीज के पहुंचने पर उसका काफी खून बह जाता है ऐसे में अगर अस्पताल पहुंचने पर उसे समय से खून मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है कई बार लोग खून न मिल पाने के अभाव में दम तोड़ देते हैं। इसलिए रक्तदान के महत्व को समझें और सभी समय-समय पर रक्तदान करें डॉ नितिन चौधरी एम डी यथार्थ हॉस्पिटल बताते हैं कि कॉलेज के दिनों से ही वे रक्तदान करते आ रहे हैं। समय-समय पर जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान किया। इनका यह हौसला कोरोना काल जैसे कठिन समय में भी बरकरार था डॉ लकी शर्मा का रक्तदान के प्रति यह जज्बा उन लोगों के लिए सीख है, जो रक्तदान से पीछे हट जाते हैं।

डॉ. नितिन चौधरी ने क्षेत्र के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किए है उन्होंने बताया कि देश सेवा के लिए बॉर्डर पर फौजी होना ही एकमात्र विकल्प नहीं है।जरूरतमंद इंसान को रक्तदान कर नई जिंदगी देना भी देश सेवा है। इस मौके पर डॉ किशोर कुमार कुशवाहा, डॉ प्रदीप पटेरिया मौजूद रहे।

## मस्जिद के सामने टूटी पड़ी क्रॉसिंग, गड्डे से गुजरने को मजबूर लोग, स्थानीय अधिकारी बेखबर

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** ऊँचागांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत ढलना में मस्जिद के सामने काफी लम्बे समय से टूटी पड़ी क्रॉसिंग। पानी भरे गड्डो से गुजरने को मजबूर राहगीर। जिससे ग्रामीणों को पानी से गुजरते वक़्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ भारत सरकार स्वच्छ भारत स्वच्छ अभियान चलाकर गांव से शहर तक की गंदगी को दूर करने का काम कर रही है, जिसमें लाखों करोड़ों रुपए आसानी से काम में आ जाते हैं। बावजूद उसके यह क्रोसिंग अपनी दुर्दशा पर आंशू बहा रही है। जिससे साफ जाहिर होता है कि क्या स्थानीय अधिकारियों ने इस गांव का लंबे समय से निरीक्षण नहीं किया, अगर किया होता तो यह क्रॉसिंग अपनी दुर्दशा पर आंसू नहीं बहा रही होती। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पुलिया को टूटे हुए काफी समय हो गया लेकिन अभी तक किसी ने इसे सही करने की हिम्मत तक नहीं उठाई। आखिर स्थानीय लोग या राहगीर पानी भरे गड्ढे से गुजरने को कब तक मजबूर होते रहेंगे। इस पुलिया में भरा गंदा पानी संक्रामक रोगों को भी न्योता देता हुआ नजर आ रहा है। आखिर वह कौन लोग हैं जो स्वच्छ भारत अभियान को पलीता लगा रहे हैं। यह रास्ता खानपुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग मन जाता है जिस पैसे के अनेक गांव के राहगीर भी निकलते हैं।

## किटी क्लब ने मनाया लोहड़ी का त्योहार मनमोहक एवं रंगारंग कार्यक्रम हुए सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**झांसी!** किटी क्लब के सदस्यों ने एक स्थानीय होटल में लोहड़ी का त्योहार बड़े धूम धाम से मनाया,, जिसमें कई ि२ खेले गए एवं १ेंस्त्र ६ह्लह्यँ४ तथा सभी सदस्यों ने पंजाबी धुनों पर जमके डांस किया.. । इस पर्व से किसानों की फसलों की कटाई की शुरूआत से होती है। इसी वजह से इस पर्व को फसलों की कटाई का जश्न मनाने के लिए भी मनाया जाता है । वहीं इसकी थीम भी पंजाब की धुन पर रखी गई है । इस अवसर पर किटी क्लब के सदस्यों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें डांस प्रतियोगिता। फैशन रैंप वेल्क एवं मैजिकल चेयर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए । इस अवसर पर ह्लड्ढ ह्य ङ्ग४ल्लीि१ विनीता श्रीवास्तव, ङ्क ङ्ग४ल्लीि१ रश्मि श्रीवास्तव, प्रेसिडेंट सुरभि यादव, सेक्रेटरी मीना रायक्वार , रश्मि दीक्षित, महि दीक्षित, आशी, प्रीति, सुमन, नीतू, सपना, सीमा, संध्या खरे, अल्पना , पूनम आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग नहीं किया तो निकाय चुनाव बहुमत से जीतेगी कांग्रेस पार्टी : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन

वेलकम इंडिया

**अल्मोड़ा।** निकाय चुनाव के मतदान की तिथि नजदीक आते ही प्रत्याशियों का प्रचार-प्रसार तेज होने लगा है। इधर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की प्रदेश में बड़ी जीत का दावा किया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने अल्मोड़ा में कहा कांग्रेस निकाय चुनाव में भारी बहुमत से जीतेगी। उन्होंने भाजपा की राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग नहीं किया तो कांग्रेस बहुमत से निकाय चुनाव जीतेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि सत्ता क्या करती है यह हरिद्वार के चुनाव में सभी ने देखा है। मंगलौर के चुनाव में जिस तरह की हरकत हुई, उसे मीडिया ने दिखाया। मीडिया के दबाव में कांग्रेस उस चुनाव को जीत पायी। मीडिया अगर उसे नहीं दिखाती तो वह चुनाव बदल सकता था। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि अगर भाजपा इस तरह की हरकत नहीं करेगी तो कांग्रेस बहुमत से जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास चुनाव में जाने के लिए कोई मुद्दे ही नहीं हैं। भारतीय जनता पार्टी लैंड जिहाद, मजार जिहाद और ह्यबटोगे तो कटोगेह्न की बात कहते हुए जनता के बीच जा कर भ्रमित करने में लगी है, जिसे अब जनता अब भली-भांति समझ चुकी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति कितनी संवेदनशील है, यह प्रदेश में बढ़ रहे महिला अपराधों से स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निकाय चुनाव में सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सुरक्षा सहित स्थानीय मुद्दों के साथ जनता के बीच जा रही है। इस दौरान भाजपा के नेता अजीत कार्की पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा में विभिन्न पदों पर रहे अजीत कार्की, कांग्रेस पर आस्था जताते हुए पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष की ओर तो हर कोई जाता है, लेकिन सत्ताधारी पार्टी को छोड़ विपक्षी दल में सच्चे लोग ही शामिल होते हैं।



# डीएम ने की जनसुनवाई, कहा–शिकायतों का होना चाहिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी द्वारा कलैक्ट्रेट प्रांगण में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों एवं आवेदकों के आवेदनों पर गम्भीरता से विचार करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारण हेतु भेजा गया। इस मौके पर जिलाधिकारी के सम्मुख स्वच्छता, सुरक्षा, विकास कार्य, पारिवारिक कलेश, भूमि विवाद सहित अन्य मामले आए। जिनका पूर्ण गुणवत्ता से निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, एडीएम एल/ए श्री विवेक मिश्र, एडीएम एफ/आर श्री सौरभ भट्ट सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को धैर्य, साहस, विचारों की शुद्धता ओर संघर्षरत रहने का संदेश दिया: चौधरी आशु वर्मा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विवेकानंद नगर वार्ड-65 में आज स्वामी विवेकानंद जयंती एवं नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष वरुण नागर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व महापौर चौधरी आशु वर्मा रहे जिन्हे अपने सम्बोधन में स्वामी जी विचारों से अवगत कराते हुए कहा की सिकगो धर्म संसद में जीरो पर बोलते हुए कहा की स्वामी जी ने भारत ओर हिंदुत्व की विश्व में छाप छोडी, स्वामी जी ने अपना पूरा जीवन सेवाभाव में लगाया विश्व धर्म संसद में जीरो पर बोलते हुए कहा था की जीरो की उतपत्ती भारत से ही हुयी है तथा बिना जीरो के कोई गंड़ना पूर्ण नही हो सकती स्वामी जी ने युवाओं को सदैव धैर्य, साहस विचारों की शुद्धता ओर संघर्षत रहने का संदेश दिया स्वामी जी को आज भी उनके विचारों के बारे में ही जाना जाता है आशु वर्मा ने कहा ये सौभाग्य की बात है की आज स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम में युवा अध्यक्ष का स्वागत किया जा रहा है।वरुण नागर को अपनी शुभकामनायें देते हुए चौधरी आशु वर्मा ने उनसे कहा की वें स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानकर अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत करेकार्यक्रम को पार्षद नीरज गोयल, अमित त्यागी, विनील दत्त, उदित मोहन, राजकुमार नागर, पूर्व पार्षद हिमांशु लव, पूर्व मंडल अध्यक्ष दयानन्द बंसल, राष्ट्रीय व्यपार मंडल जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, अशोक भारतीय, आशु पंडित सौरभ यादव ने भी सम्बोधित किया कार्यक्रम में अंकित अरोड़ा, आशीष सक्सेना, ईश्वर शर्मा, एडवोकेट दीपक ढींगरा विजेंद्र शर्मा, डाक्टर पिंकू, गौरव चौधरी, राहुल चौधरी, प्रेमपाल, राजीव त्यागी, भूषण शर्मा, कपिल अग्रवाल, अशोक रजक, मनोहर लाल शर्मा, पंचपाल नागर, दिनेश नागर अमित वर्मा, कौशल शर्मा सहित सेकड़ो कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष वरुण नागर का माला पहनाकर व बुका भेट कर स्वागत किया।

# भाकियू कार्यकताओं ने कृषि मसौदे के विरोध में किया प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** कृषि मसौदे के खिलाफ भाकियू कार्यकताओं ने सोमवार को मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। उन्होंने कृषि मसौदे की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भाकियू कार्यकर्ता सोमवार को एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उनका कहना है कि केन्द्र सरकार फिर से नये कृषि कानून लागू करना चाह रही है। उन्होंने कृषि मसौदे को नये कृषि कानून का दूसरा रुप बताया। उनका कहना है कि यह मसौदा किसानों के खिलाफ है। उन्होने कृषि मसौदे की प्रतियां जलाकर अपना विरोध जताया। इस मौके पर पप्पी नेहरा, अजीत सिंह, पिंटू चौधरी, अजब सिंह, नेपाल सिंह, महेंद्र, राकेश, सचिन, रामनारायण, मोहित, अमित, चंद्रपाल, बिल्लू सहित अन्य किसान मौजूद थे।

# नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद ने विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद, युवा कार्यक्रम एवं मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान एवं उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय नंदग्राम में किया गया। कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए श्री देवेंद्र कुमार ने बताया की राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी की जयंती अर्थात 12 जनवरी को हर वर्ष मनाया जाता है। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 कोलकाता के कुलीन कायस्थ परिवार में हुआ था उनके बचपन का नाम नरेंद्र दत्त था इनके पिता कोलकाता हाई कोर्ट के एक प्रसिद्ध वकील थे तथा 4 जुलाई 1902 में इनकी मृत्यु हुई। स्वामी जी ने अपने इस 39 वर्ष छोटे से जीवन काल में जो काम कर गए, वह आने वाली अनेक शताब्दियों तक मार्गदर्शन करते रहेंगे। वे केवल संत ही नहीं एक महान देशभक्त, वक्ता, विचारक, लेखक, मानव प्रेमी और आध्यात्मिक गुरु थे। स्वामी जी ने 30 वर्ष की आयु में शिकागो अमेरिका के विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और उसे सार्वभौमिक पहचान दिलवाई। शिकागो का यह भाषण स्वामी विवेकानंद जी के नाम का पर्याय माना जाता हैं। उन्होंने सभी अमेरिकियों को ₹मेरे अमेरिकी बहनों और भाइयों₹ से संबोधित कर वहां उपस्थिति सभी का मन जीत लिया था। इस अवसर पर काशीराम विश्वविद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता गुप्ता ने बताया की जो कार्य विवेकानंद जी ने किए हैं वह हमारे युवाओं के लिए आदर्श हैं हमें उनसे सीख लेकर उनके आदर्शों और कार्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी भारत को विकसित भारत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा सके। डा दीपक राय ने उनके विचार ₹ उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए ₹ को अपनाने के लिए सभी युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रकाश तिवारी रोहन कुमार तालिब आदि बच्चों ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन काल और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईआईएमटी गौतम बुध नगर के डीन श्री अभिषेक शर्मा काशीराम महाविद्यालय से डॉक्टर दीपक राय, भगत सिंह मंसूर खान प्रोफेसर्स ने अपने विचार व्यक्त किए।





# पंजाबी संगठन ने प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल को दी लोहड़ी की शुभकामनाएं



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** पंजाबी संगठन एवं महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर द्वारा प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल (व्यावसायिक शिक्षा कौशल विभाग स्वतंत्र प्रभार) को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी और और उन्हें सम्मान पत्र सोपा।व्यावसायिक शिक्षा कौशल विभाग स्वतंत्र प्रभार मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी और सम्मान पत्र दिया। मंत्री ने भी सभी को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। मंत्री ने कहा कि भारतीय त्यौहार हमें प्राचीन संस्कृति व संस्कारों तथा प्राचीन मूल्यों के अनुकरण की शिक्षा के साथ-साथ परस्पर प्रेम सदभाव एवं सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। लोहड़ी पर्व भी हमें अपनी संस्कृति की तथा मौसम परिवर्तन की याद दिलाता है।इस मौके पर पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर महिला संगठन की अध्यक्ष डॉ शालिनी नैयर संजय नैयर रमेश खुराना आदि संगठन के लोग उपस्थित रहे।

# जीडीए के जोन 5 ने अतिक्रमण कताओं के मंसूबे पर चलाया बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स जी के निर्देश पर जीडीए जोन 5 प्रभारी और उनकी टीम ने मसूरी और सिद्धार्थ विहार के अवैध निर्माण कताओं के मनसूबों पर बुलडोजर चलवाकर पानी फेर दिया है जहां पर 13 जनवरी 2025 को जीडीए के प्रवर्तन जोन-5 द्वारा ग्राम मंसूरी के निकट स्थित अवैध कॉलोनी की खसरा संख्या 387 और 389 को ध्वस्त किया गया। यह अवैध निर्माण लगभग 5100 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर किया गया था। इस कार्रवाई को पुलिस और जिला प्रशासन की सहायता से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ राजनीतिक व्यक्तियों और स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताने का प्रयास किया, जिन्हें अधिकारियों द्वारा मौके पर ही सुनवाई के बाद शांत कराया गया। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

इसके अलावा सिद्धार्थ विहार खसरा संख्या 655 के निकट 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैली एक अन्य अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त किया गया। गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण ने यह स्पष्ट किया है कि भविष्य में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। प्राधिकरण ने जनता से अपील की है कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट या मकान खरीदने से बचें और किसी भी संपत्ति की खरीद से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें।

# ग्रुप कमांडर ने किया 35 यू पी वाहिनी एनसीसी का निरीक्षण

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** ग्रुप कमांडर ने 35 यू पी वाहिनी एन सी सी का निरीक्षण किया। युवाओं को चरित्र निर्माण के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए--ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलविंद्र सिंह (सेना मेडल) राज चोपला स्थित 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर में 13 जनवरी को गाजियाबाद ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलविंद्र सिंह (सेना मेडल) ने निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन का पाठ पढ़ाया तथा सभी को अपना लक्ष्य का निर्धारण कर सुनियोजित तरीके से लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ साथ यह भी बताया कि सभी को अपने जीवन में व्यक्तिगत हितों की तुलना में राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए राष्ट्रीय विकास में अवश्य योगदान देना चाहिए। अंत मे सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने एन सी सी के मोटो एकता और अनुशासन का पालन करते हुए चरित्र निर्माण पर बल देने तथा अपने माता पिता और गुरुओं का सम्मान कर ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्धारण करने की बात कही।

# विवेकानन्द साधना शिविर का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय कृष्णचन्द्र गान्धी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज के प्रांगण में किया गया। शिविर का उद्घाटन 11 जनवरी को दोपहर 3:00 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग सम्पर्क प्रमुख, मोटिवेशनल स्पीकर व पूर्व प्रबन्धक प्रदीप अग्रवाल, प्रबन्धक समीर बंसल, उपाध्यक्ष विशाल रूहेला व प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने माँ शारदे व स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व वर्ग की व्यवस्था का परिचय विद्यालय के उप प्रधानाचार्य, स्काउट के जिला सह आयुक्त, वर्ग संयोजक राजीव पाठक ने कराया। उद्घाटन सत्र मोटिवेशनल स्पीकर प्रदीप अग्रवाल जी ने व्यवस्थित दिनचर्या पर सम्बोधित किया तथा विद्यालय प्रबन्धक समीर बंसल ने साइबर क्राइम के बारे में छात्रों को समझाया। रात्रि कार्यक्रम में कैम्प फायर का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व प्रबन्धक कीर्तिमोहन सर्राफ उपस्थित रहे। द्वितीय दिन का आरम्भ प्रातः स्मरण एवं योग एवं व्यायाम से किया। आध्यात्मिक बौद्धिक सत्र में राम कथा वक्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय प्रमुख महासभा समाजसेवी श्री अखिलेश गौड़ ने छात्रों को हमारे जीवन में माता पिता तथा वेदों की हमारे जीवन में भूमिका पर मार्गदर्शन किया। इसके उपरान्त शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यालय के उपाध्यक्ष विशाल रुहेला व प्रबन्धक समीर बंसल ने संयुक्त रूप से किया साथ ही शूटिंग प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया।

